CMYK

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 9 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी सरकार का दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान पेज 2



हम श्रीलंका में विश्व कप खेलना चाहते हैं : बांग्लादेश खेल टाइम्स



सब कुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत सम्पादकीय



भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका! पेज 12



नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस के पूर्वाभ्यास के दौरान दिल्ली पुलिस के जवान।

# स्टार्टअप व AI उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है, जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।



- प्रधानमंत्री ने एआई स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की

### सोमनाथ मंदिर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के लेख को मोदी ने सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और कहा कि यह मंदिर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।' हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक' शीर्षक इस लेख में श्री सिंधिया ने कहा है,' सोमनाथ मंदिर की (पिछले) हजार वर्ष की यात्रा हमें सिखाती है कि स्मृतियां कभी मिटती नहीं और सच्ची आस्था कभी हारती नहीं। उनके इस लेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर देश की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि पिछले 11 वर्षों में सोमनाथ मंदिर से राम जन्मभूमि तक जो परिवर्तन हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने विस्तार से इस पर अपनी बात साझा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थरबाजी मामला: सपा सांसद से पूछताछ करेगी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 6 जनवरी की रात फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पत्थरबाजी को लेकर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों के बार-बार कहने के बावजूद नदवी घटनास्थल से नहीं गए और आसपास मौजूद रहे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पत्थरबाजी में शामिल 30 लोगों और सोशल मीडिया पर मस्जिद गिराने की अफवाह फैलाने वाले 10 इन्फ्लुएंसर की पहचान की है। हिंसा के मामले में 6 और गिरफ्तारियों के साथ कुल 11 लोग पकड़े गए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। दरअसल पूरा मामला फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने से जुड़ा है। पुलिस की टीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटाने गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैलाई कि मस्जिद गिराई जाएगी। जिससे हिंसा भड़की। पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके गए, 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सपा नेता एस टी हसन ने कहा कि यहां 100 साल पुरानी मस्जिद और दुकानें हैं।

### जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारेबाजी एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जेएनयू में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के सीएसओ ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दोनों 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं।

### ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में मारे छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा कि यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था।

# कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं इसलिए काटते हैं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों में लगातार दूसरे दिन शीर्ष अदालत में हुई सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं।

इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इन्कार किया। फिर जस्टिस ने कहा कि अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए। याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा कि हर पालतू कुत्ते का मालिक होता है। जबकि आवारा कुत्ते का कोई मालिक नहीं होता। न ही यह राज्य की जिम्मेदारी है। हालांकि राज्य का काम वैक्सीनेशन वगैरह देना है। एबीसी नियम ऐसे होने चाहिए कि मेरे घर तक का रास्ता सुरक्षित रहे। वकील (कुत्तों को हटाने के पक्ष में) ने कहा कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। कुत्ते को समझाना (काउंसलिंग) संभव नहीं है, लेकिन कुत्ते की देखभाल करने वाले या मालिक को समझाया जा सकता है। हर डाग लवर और एनजीओ को याचिका लगाने में एक तय राशि जमा करनी होती है। इस शर्त को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने हल्के अंदाज में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती, तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है, जो आखिरी बार 2009 में हुई थी। सिर्फ दिल्ली में 5,60,000 कुत्ते थे। सेंटर्स की हाउसिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही तय संख्या में जानवरों को पकड़ा जाना चाहिए।

सुनवाई के दौरान वकील बोले- देश में सिर्फ पांच सरकारी शेल्टर, हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत



### जज कैश कांड: कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया।

हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिति के सामने जवाब देना है। दरअसल, जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है। एक दिन पहले, 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।

- जवाब देने के लिए समय बढ़ाने से इन्कार

# यूपी में कोहरे से छह सड़क हादसे, सात लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। कोहरे के चलते दिल्ली से मप्र आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में कोहरे की वजह से गुरुवार सुबह 6 हादसे हुए। इनमें 14 गाड़ियां टकराईं और 7 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि इसमें 8 लोग घायल भी हुए हैं जिनका इलाज जारी है।

वाराणसी- मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा। उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। मध्य प्रदेश के शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 9 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी रहेगी। हरियाणा में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। दिन में रात की तरह ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम में 15 किमी/घंटा की रफ्तार से ठंडी हवा चल रही हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है।



- आठ लोग हुए घायल
- उत्तराखंड में तापमान 21 डिग्री दर्ज

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमी जिंदगी, श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भीषण शीतलहर की चपेट में हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में कई जगहों पर मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल और ऊंचे इलाके सबसे सर्द रहे। सोनमर्ग में सबसे कम तापमान - 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके बाद गुलमर्ग में -9. 2डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में -8.6 डिग्री सेल्सिसय रहा। शोपियां में भी तापमान -7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का तापमान -5. 1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछली रात के -1.6 डिग्री सेल्सियस से काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण गिरावट है। जम्मू क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट देखी गई, हालांकि अधिकांश स्टेशनों पर तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा। शीतकालीन राजधानी जम्मू में न्यूनतम तापमान 7.1डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को तापमान में गिरावट आने एवं शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड का प्रकोप रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से लोगों को ज्यादा ठंड महसूस हुई। विभाग के अनुसार सुबह 8:30 बजे पालम में इलाके का सबसे कम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था।

# हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए: एयर चीफ मार्शल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को कैरियर के संबंध में एक सशक्त संदेश दिया कि उन्हें असफलताओं से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता अंत नहीं बल्कि अक्सर महानता की शुरुआत होती है।

उन्होंने कैडेटों से एनसीसी के मूल्यों को हमेशा याद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए। एयर चीफ मार्शल सिंह ने यहां दिल्ली छावनी स्थित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के बेहद व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिनमें बचपन में स्कूल में दाखिला न मिल पाने से लेकर सेवा के दौरान पहले पदोन्नति बोर्ड में चूकना तक शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में से एक के प्रमुख बने। युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक विकास प्रतिस्पर्धा से नहीं, आत्म-सुधार से होता है। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो जिस दिन आप उनसे आगे निकल जाएंगे, उस दिन आपकी प्रगति रुक जाएगी। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें। आज से बेहतर बनने का प्रयास करें। दृढ़ संकल्प के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि असफलता प्रयास का स्वाभाविक परिणाम है और इससे कभी डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग असफल होते हैं जो प्रयास करते हैं, जो कुछ नहीं करते, वे कभी असफल नहीं होते। अपने जीवन की सच्ची घटनाएं साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा के राई स्थित स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्होंने यह भी बताया कि एक बार वह अपनी पदोन्नति परीक्षा में चूक गए थे, जिससे उनकी पदोन्नति अपने बैच के सहयोगियों की तुलना में एक वर्ष देर से हुई। उन्होंने कहा कि लेकिन फिर भी मैं प्रमुख बना। यह नियति में लिखा था। भगवद गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, पूरे मन से काम करना चाहिए और परिणामों से अत्यधिक आसक्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी, अपना सर्वश्रेष्ठ दें, कड़ी मेहनत करें और जो भी परिणाम आए, उसे गरिमा के साथ स्वीकार करें। कैडेटों से महत्वाकांक्षी, लेकिन विनम्र बने रहने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयास और सीखने की यात्रा मुकाम से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता के कोई 'शॉर्टकट' नहीं होते और कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा माता-पिता और शिक्षकों द्वारा दिए गए मजबूत मूल्य ही स्थायी सफलता की नींव होते हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सेना में शामिल होना और देश की सेवा करना ही एनसीसी का एकमात्र लक्ष्य नहीं है।

- एनसीसी कैडेटों को कैरियर के संबंध में दिया सशक्त संदेश
- कहा: असफलताओं से डरना नहीं चाहिए



# आईटी सेल इंचार्ज के घर और ऑफिस पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पीएसी के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं।

ईडी के मुताबिक, इसके बाद मुख्यमंत्री साल्ट लेक स्थित आई-पीएसी कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। इस कार्रवाई के विरोध में ममता शुक्रवार 2 बजे मार्च निकालेंगी। ईडी के अफसर प्रतीक के घर और ऑफिस से कई डॉक्यूमेंट्स ले गए। सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी।

- गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे: ममता
- मामला हाईकोर्ट पहुंचा, आज सुनवाई

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों की सुविधा के लिए चार पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेला 2026 का आयोजन तीन जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में किया जा रहा है। आस्था, संस्कृति और सुव्यवस्था का प्रतीक बनता यह मेला अब पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान गढ़ रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने माघ मेला क्षेत्र में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार ये चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन और अरैल घाट के समीप स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है।

### मुंबई हवाई अड्डे ने बनाया यात्रियों का नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 2025 में 5.55 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1.3 प्रतिशत और वर्ष 2023 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है। कुल यात्रियों में 1.63 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय व 3.92 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं। हवाई अड्डे के लिए जनवरी 2025 अब तक का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें करीब 50 लाख यात्रियों ने यहां से सफर किया। इसके बाद नवम्बर 2025 में 49 लाख यात्रियों की आवाजाही रही।

# केंद्र सरकार पर जांच एंजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**प. बंगाल में विपक्ष को डराने व राजनीतिक प्रक्रिया में दखल की कोशिशें जारी:तृणमूल कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल में विपक्ष को डराने और राजनीतिक प्रक्रिया में दखल देने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

टीएमसी ने यह आरोप पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद साकेत गोखले के इस दावे के बाद लगाया गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पार्टी की अंदरूनी चुनावी तैयारियों की जानकारी हासिल करने के मकसद से तलाशी ली। गोखले ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि ईडी ने आज सुबह टीएमसी के संभावित उम्मीदवारों, चुनाव रणनीति और अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज जब्त किए। इस कार्रवाई को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि बंगाल में मोदी-शाह की गंदी चालें एक नए स्तर पर पहुंच गई हैं। आज सुबह वे अपनी पालतू एजेंसी ईडी का इस्तेमाल करके हमारे संभावित उम्मीदवारों, हमारी चुनाव रणनीति और हमारे अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज चुरा रहे हैं।

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

## कहा: वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लो. कतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ष्एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए' के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि



मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है। सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साजशि भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के जरिए जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना ही उनका उद्देश्य है। यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहे, अपना वोट जरूर बनवाए।

### सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन

**लखनऊ/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट से समा. जवादी पार्टी विधायक विजय सिंह गोंड का गुरुवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक, मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते विधायक की मृत्यु हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनभद्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है। दुद्धी विधानसभा अनुसू. चत जनजाति के लिए आरक्षित और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। विजय सिंह गोंड को आदिवासी राजनीति का 'पितामह' माना जाता था।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन में हंगामा और जमकर नारेबाजी

# दिल्ली विस में कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष हंगामे के कारण कार्यवाही तीन बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामें के बीच ही विपक्ष की नेता के सिख गुरु के खिलाफ कथित आपत्ति. जनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश दिए। अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही भी एक दिन बढ़ा दी है। चार दिवसीय इस सत्र का गुरुवार को अंतिम दिन था, जिसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पूर्वान्ह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी सदस्यों ने गुरु तेग बहादुर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और अध्यक्ष से विपक्ष की नेता आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक 'गुरुओं का अपना नहीं, नहीं सहेंगे' नारा लगा रहे थे। इसी बीच आम आदमी पार्टी के सदस्य सदन में आ गए और वे भी हंगामा करने लगे। आप के सदस्य संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे और वे सदस्य पोस्टर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर श्री मिश्रा के खिलाफ स्लोगन लिखे हुए थे। आप के सदस्य हालांकि सदन के बीचोबीच नहीं गए। दोनों पक्षों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच गुप्ता ने सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं रूका। इस पर उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो भाजपा और आप के सदस्य फिर हंगामा करने लगे। इस दौरान भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल के खिलाफ और आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और दोनों दलों के सदस्य सदन के बीचोबीच आ गए। विस अध्यक्ष के बार-बार आग्रह करने के बाद हंगामा कर रहे सदस्य जब शांत नहीं हुए, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद अपराह्न साढ़े 12 बजे सदन की फिर से शुरू हुई, तो दोनों दलों के विधायक फिर हंगामा करने लगे। आप के विधायक हाथों में 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो' के नारे लिखे थे। इस बार दोनों दलों के सदस्य तख्तियां लिए थे। विधायकों के हंगामे के बीच गुप्ता ने कहा कि चूंकि दोनों दलों ने गुरु तेग बहादुर को लेकर सदन में कही गई बात वाले वीडियो की जांच की मांग की है, इसलिए वह वीडियो की फोरेंसिक जांच का आदेश देते हैं, जिसकी रिपोर्ट 15 दिन में आ जाएगी।



**सिख गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश**

### आतिशी ने जानबूझकर किया गुरुओं का अपमान: मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि नेता विपक्ष आतिशी जिस प्रकार खुद को सही साबित करने की कोशिश कर रही है उससे साबित होता है कि उन्होंने गुरुओं का अपमान जानबूझकर किया है। मिश्रा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से गुरुवार को कहा कि इस सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बहुत बड़ा पाप किया है। गुरुओं का अपमान किया और एक पेशेवर अपराधी की तरह वो अपराध करके फरार हैं। सदन के अंदर आने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। अध्यक्ष ने कई बार उनको बुलाया, उसके बाद भी वह सदन में नहीं आयीं। उन्होंने कहा कि कि सुश्री आतिशी का व्यवहार एक अपराधी जैसा है कि पहले अपराध करते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं।

# प्रधानमंत्री कार्यालय से इंदौर की घटना की जांच के आदेश हों: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के इंदौर में गंदा पानी पीने लोगों की मौत को भारतीय जनता पार्टी सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए कहा है कि इसकी जांच खुद प्रधानमंत्री कार्यालय से हो और अलग से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते शहर के पीने के पानी में सीवेज के पानी को घुसने दिया गया और नागरिकों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज करके हजारों लोगों की जदिगी खतरे में डाली गई है। पार्टी का कहना है कि यह घटना भाजपा सरकार की लापरवाही से हुई है जबकि इस घटना को रोका जा सकता था। इस लापरवाही के कारण जब मासूम बच्चे और शिशु मर रहे हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री अपनी चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना भाजपा सरकार के घमंड, नाका. बिलियत और इंसानी जदिगी की पूरी तरह से अनदेखी को सामने लाती है। मध्य प्रदेश के लोग न्याय, जवाबदेही और तुरंत सुधार के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि भाजपा अपनी नाकामी और अपनी बड़ी लापरवाही की वजह से गई जानें के लिए जवाब दे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार का क्रूर, निर्दई और पूरी तरह से उदासीन चेहरा इस घटना से उजागर हो गया है। इंदौर में, मध्य प्रदेश की सरकार की बड़ी लापरवाही, नाकाबिलियत और साफ बेपरवाही की वजह से छह महीने के एक बच्चे समेत 18 मासूम जानें चली गईं।



**सेंसेक्स** 84961.14
**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो




# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स दो महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता

वैश्विक अनिश्चितताओं से दुनिया के दूसरे शेयर बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजारों में भी गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचक. ांक करीब एक प्रतिशत की नीचे में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 780. 18 अंक (0.92 प्रतिशत) टूटकर गत 11 नवम्बर के बाद के निचले स्तर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। यह 18 दिसम्बर के बाद का इसका निचला स्तर है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी अनुसंधान प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि बाजार में आगे भी गिरावट जारी रह सकती है। निफ्टी-50 सूचकांक 25,700 अंक तक और सेंसेक्स 83,700 अंक तक उतर सकता है। अमेरिका के 66 वैश्विक संधियों से अलग होने और रूस पर कड़े प्रतिबंध वाला विधेयक लाने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेशक बिकवाल रहे। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.99 प्रतिशत लुढ़क गया। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के



अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी चेतावनी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार बिकवाल रहने से बाजार में गिरावट आई है। सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

धातु समूह का सूचकांक 3.40 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.84, सार्वजनिक बैंकों का 2.08, आईटी का 1.99, रियलिटी का 1.71, फार्मा का 1.39, स्वास्थ्य और मीडिया दोनों के 1.38, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं का 1.43 और रसायन समूह का सूचकांक 1.22 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक फीसदी के करीब टूटे। बिकवाली इतनी व्यापक रही कि एनएसई में जिन 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुए उनमें 2,625 के शेयर गिरावट में और 545 के बढ़त में बंद हुए। अन्य 77 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स में एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 3.35 फीसदी गिरकर बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 2.94 प्रतिशत, टीसीएस में 2.74 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.25 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1.93 प्रतिशत, ट्रेंट का 1. 75, पावरग्रिड का 1.74 और इंफोसिस का 1.57 प्रतिशत लुढ़क गया। एनटीपीसी में 1.38 प्रतिशत, सनफार्मा में 1.18, बजाज फिनसर्व में 1.16 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इंटरनल का शेयर 0.91 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.63 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी के डैक्स में 0.14 फीसदी और ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.27 फीसदी की गिरावट थी।

# चावल, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ दर्ज की गई

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी महंगी हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और उड़द दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विद. ेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया



डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 4,042 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की बढ़त में 49.47 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 27 रुपये और सरसों तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 14 रुपये और पाम ऑयल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7792.58 रुपये, मसूर काली 8145.87 रुपये, मूंग दाल 10103.84 रुपये, उड़द दाल 10410.20 रुपये, तुअर दाल 10618.56 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.19 रुपये और चावल 3856 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.42 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4306.46 रुपये और गुड़ 4992.30 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17668.22 रुपये, मूंगफली तेल 17859.28 रुपये, सूरजमुखी तेल 15849.08 रुपये, सोया तेल 13741.20 रुपये, पाम ऑयल 12465.62 रुपये और वनस्पति 14515.13 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# अटल आवासीय विद्यालयों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता, तार्किक सोच और जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करेगी। डा. शन्मुगा ने गुरुवार को बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, भाषा पर पकड़ और आलोचनात्मक सोच को सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाच. ार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित एवं गुणवत्तापूर्ण हिदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं, नवीन विकास और खेल से संबंधित समाचार पढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। जारी निर्देशों के तहत प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद तथा कक्षा का नियमित पठन-पाठन शुरू होने से पहले 10 मिनट का समय समाचार पत्र पठन के लिए निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही रोजाना पांच नए या कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर लिखे जाएंगे। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड पर 'आज का सुविचार' प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक दिन संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों से विज्ञान, पर्यावरण और खेल विषयों पर न्यूज क्लिपिंग स्क्रैपबुक तैयार कराई जाएगी। छात्रों की मानसिक और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए सुडोकू, शब्द पहेली और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने विद्यालय की त्रैमासिक समाचार पत्र या पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अहम मदद करेगी**

# दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसम्बर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गई है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीला. हवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें। साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है। साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसम्बर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनरा. शि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिली है।




**कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की रिपोर्टों को नकारा**

# सनप्लाजा मार्केट में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से लगी आग ने मचाया तांडव, कई दुकानें आई चपेट में, दमकल ने पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बटवाल तिराहे स्थित सन प्लाजा मार्केट में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मोबाइल, आरओ समेत करीब दस दुकानों में भारी नुकसान हो गया। आग की लपटें और धुएं का गुबार देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना के समय मार्केट बंद थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निकांड में लाखों रूपये नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

**■ मोबाइल व आरओ की दुकानों को भारी नुकसान, सीओ सिटी ने लिया घटना का जायजा**




शहर कोतवाली क्षेत्र में बटवाल तिराहे पर सन प्लाजा मार्केट है। जिसमें बेसमेंट के अलावा एक मंजिल पर दुकानें बनी हुई हैं। मार्केट में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तोहफापुर निवासी राजकुमार की आरओ की दुकान है जबकि शशिकांत गोयल मार्केट में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। इसके अलावा इस मार्केट में कंप्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक दर्जन से अधिक दुकानें हैं। रोजाना की तरह बुधवार रात सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे। मार्केट के सामने एक ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है। घटना गुरुवार तड़के लगभग चार बजे की है। अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से पूरी मार्केट में आग लग गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकानों से निकली लपटें आसमान छूने लगी, आसमान में धुएं का गुबार छा गया। लपटें उठती देख आस-पास घरों में रहने वाले लोग घबराकर बाहर निकल आए। मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, हालत देख होश फना हो गए। इसके बाद तुरंत दमकल टीम को बुला लिया। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दमकल कर्मियों ने पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग दस दुकानों में तबाही मचा चुकी थी। जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अभिषेक यादव भी मौके पर पहुंचे तथा अग्निकांड की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि आग में मोबाइल और आरओ समेत तीन दुकानों में ज्यादा नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि अग्निकांड तड़के में हुआ, उस वक्त मार्केट बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। आर्थिक तौर पर लोगों का नुकसान हुआ है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

# कारोबारी के खाते से चार लाख उड़ाए

## साइबर ठगों ने बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साइबर अपराधियों ने कारोबारी का मोबाइल फोन हैक कर इंडियन ओवरसीज बैंक स्थित खाते से चार लाख रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला कस्बा जोया से जुड़ा है। मोहल्ला पधानो वाला में मोहम्मद सादिक का परिवार रहता है। पेशे से वह कारोबारी है। उनका खाता अमरोहा शहर में स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में है। एफआईआर के मुताबिक 30 दिसंबर 2025 की रात को साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। करीब नौ बजे उनके इनबॉक्स में कई ओटीपी आए थे, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया था। बाद में जब उनके मोबाइल पर खाते से पैसे निकाले जाने का अलर्ट मैसेज आया तो उनके होश उड़ गए। साइबर अपराधियों ने उनके खाते से पांच बार में चार लाख रुपये निकाल लिए। धनराशि दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई थी। पीड़ित ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद तुरंत कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। इसके अलावा एक शिकायती पत्र अगले दिन एसपी कार्यालय में भी दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी ही ट्रेस कर लिया जाएगा।

# अवैध खनन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने लोडर किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र में अवैध खनन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एक जनवरी को चेकिंग के दौरान एसडीएम की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर का पीछा करते समय खंदक में पलट गई थी। पुलिस ने खनन में इस्तेमाल लोडर के साथ दो लोगों को पकड़ा है, जिन्होंने पूछताछ में मुख्य आरोपी के लिए काम करने की बात स्वीकार की है।

एक जनवरी को नौगावां सादात एसडीएम अवैध खनन की सूचना पर गांव पीलाकुंड के जंगल में चेकिंग के लिए गई थीं। उनके साथ सीओ अवधभान भदौरिया व अन्य स्टाफ भी था। टैक्टर-ट्राली व डंपर का पीछा करते हुए उनकी कार खंदक में पलट गई थी। इस मामले में हल्का लेखपाल अरुण कुमार की तहरीर पर खेत स्वामी सोनिका व नरेश कुमार निवासी पीलाकुंड, लोकेश यादव निवासी गांव नसीर नंगला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस खेत से मिट्टी का खनन किया जा रहा था वह सोनिका के नाम है तथा लोकेश यादव इस मिट्टी का अवैध खनन करा कर नरेश के प्लाट में डाल रहा था। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि बुधवार रात को चेकिंग के दौरान पुलिस ने शमशा उर्फ शमशाद तथा नूर मोहम्मद उर्फ नूरे निवासी सैदपुर इम्मा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से खनन में प्रयोग होने वाला लोडर भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह लोकेश यादव के लिए अवैध खनन का काम करते हैं। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लोडर को सीज कर दिया है। अन्य आरोपितों को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हजरत अली की तालीमात को आम करने की ज़रूरत

## हक्कानी के अजाखाने में मौलूद-ए-काबा की ओर से मनकबती महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अंजुमन-ए-जश्ने मौलूद-ए-काबा के संयोजन में बुधवार रात शहर के मोहल्ला हक्कानी स्थित इमाम बारगाह हुसैनिया में आल इंडिया मनकबती महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने हजरत अली की शान में अपना बेहतरीन कलाम पेश किया। कड़ाके की ठंड में भी श्रोता देर रात तक महफिल में डटे रहे। शिया धर्मगुरु मौलाना डॉ.शाहवर हुसैन नकवी की सदारत में हुई इस महफिल में मौलाना सफदर रजा इमामी ने अपनी तकरीर में हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डाली। कहा कि हजरत अली की जिंदगी हमें सच्चाई का साथ देने और शिक्षा हासिल करने का पैगाम देती है।



महफिल का आगाज मोहम्मद अब्बास ने तिलावत कलाम-ए-पाक से किया। जिसके बाद बस्ती से आए हुए नामवर शायर सुहैल बस्तवी ने नात-ए-पाक पेश की। इसके बाद मुशायरे में मारूफ सिरसवी, शबरोज कानपुरी, नौशा अमरो. हवी, आजम सुल्तानपुरी, मौलाना फाजिल जरेलवी, कुमैल मेहदी, इरम बनारसी, काजिम जर्चवी, शबीह गोपालपुरी, नग्मी कीरतपुर, सज्जाद बिजनौरी, जौहर शिकारपुर, फरोग एहसन खां, फराज अर्शी, फुरकान अमरोहवी, डॉ.आसिम, डॉ. लाडले रहबर, नाजिम हुसैन आरिफ, अरमान हैदर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, अशरफ फराज, रिजवान अब्बास आदि शायरों ने अपना कलाम पेश किया। संचालन वसीम अमरोहवी ने किया। मंच पर मौलाना डॉ.अहसन अख्तर सरोश, मौलाना शहवार, मौलाना इमामी, मौलाना मजहर अब्बास रहे। महफिल के अंत में मौलाना डॉ.शहवार हुसैन ने दुआ कराई। कार्यक्रम में विशेष रूप से मोहम्मद जफर, ताजदार हुसैन नकवी, गुफरान मेहदी नकवी, अफसर अमरोहवी, कैप्टन अशर रजा तकवी, जिया काजमी, लियाकत अमरोहवी, ताजदार अमरोहवी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में रील बनाने और सोशल मीडिया पर मशहूर होने के चक्कर में युवा अपनी जान दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धौरिया का है। जहाँ ट्रैक्टरों के साथ किये गये खतरनाक स्टंट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक दो ट्रैक्टरों के बीच ताकत का प्रदर्शन कर रहे हैं। और उन्हें अगले पहियों से उठाकर हवा में नचा रहे हैं। कोतवाल प्रेमपाल सिंह के अनुसार, वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की जा रही है। हसनपुर कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि पहचान होते ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### हैल्पिंग हैंड्स ने गरीबों को बांटी सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हेल्पलिंग हैंड्स धनौरा (रजि.) की ओर से माघ मास के पावन अवसर पर बृजघाट गंगा तट पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल ने कहा कि हेल्पलिंग हैंड्स का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है। संसाधन सीमित होने के बावजूद संस्था लगातार सेवा कार्य कर रही है। वहीं महासचिव सिम्मी अग्रवाल ने बताया कि सेवा कार्यों में अभी कम लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन संस्था के सदस्य पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। इस सेवा कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ममता गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष कमलेश आर्य सहित दीप्ति, सीमा, शिखा, उमा, शशि, नीति, वैशाली, पारुल, रश्मि, एकता, गीतिका, सुषमा और ऊषा मौजूद रहीं।

### बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 39 धनौरा में मतदाता सूची को सही, साफ और पूरी तरह त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर के हीरा फार्म हाउस में बूथ लेवल अधिकारियों, सुप. रवाइजरों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विभा श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम ने बताया कि 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का गहन मिलान किया जाना है। प्रत्येक मतदाता की प्रविष्टि को ध्यान से जांचना होगा, जिसमें मतदाता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, पिता या पति का नाम और फोटो शामिल हैं।

### दुकान पर बेठे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दुकान पर बैठे युवक को पुरानी रंजिश के तहत लोहे के सरियों से पीट कर घायल कर दिया। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी दिनेश सैनी पुत्र मनोहर लाल सैनी ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि वह दुकान पर बैठा हुआ था। पड़ोसी युवक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। उसका कहना है कि उसे सरियों से पीटा गया है। जिससे वह घायल हो गया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया।

# पालिका ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया

## दोबारा कब्जा किया, तो होगी रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को पालिका ने जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि आगे इस जमीन पर कब्जे की कोशिश की तो मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। गुरुवार को नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को पालिका अधिकारियो द्वारा ध्वस्त कर उस पर किये जा रहे कब्जे को जेसीबी द्वारा हटा दिया गया। जानकारी देते हुए पालिका उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की नगर के धनोरा रोड पर निजामपुर गर्बी मे स्थित भूमि जो विशुद्ध रूप से ग्राम समाज शासकीय भूमि है। उस भूमि में शमशान भी स्थित है। पालिका सीमा विस्तार के उपरांत इस भूमि का स्वामित्व नगर पालिका परिषद अमरोहा मे निहित है। इसी भूमि मे शासन द्वारा कल्याण मंडप का निर्माण कराया गया है। पालिका द्वारा इसी भूमि पर जीर्णोद्धार कार्य भी कराये जा रहे हैं। पूर्व मे भी पालिका द्वारा इस भूमि पर हुए कब्जे को हटवाया गया था। इस अवसर पर कर अधीक्षक, अवर अभियंता, राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सहित बड़ी संख्या मे पालिका स्टॉफ उपस्थित रहा।

# गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल नौ माह की सजा

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दोषी को 2 साल 9 महीने 15 दिन की जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

गैंगस्टर एक्ट का मामला मंडी धनौरा थाने से संबंधित था। 11 अक्तूबर 2015 को तत्कालीन थाना प्रभारी दयाचंद शर्मा ने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा के रहने वाले धीरज सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना तत्कालीन इंस्पेक्टर ब्रजमोहन गिरी ने की थी। मामले में पुलिस ने धीर सिंह के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। बाद में पुलिस में धीर सिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। बुधवार को अदालत में मुकदमे में आखिरी सुनवाई थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने धीर सिंह को दोषी करार दिया। 2 साल 9 महीने 15 दिन जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# कलेक्ट्रेट बार चुनाव में राजेश राणा की जीत

## आदिल हुसैन कोषाध्यक्ष व भूपेन्द्र सिंह ने जीता उपाध्यक्ष का चुनाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के चुनाव में राजेश कुमार राणा अध्यक्ष एवं आदिल हुसैन कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

गुरुवार को हुए चुनाव में कुल 32 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर बाद जैसे ही मतगणना पूरी हुई, चुनाव अधिकारियों ने परिणाम घोषित कर दिए। अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार राणा ने 18 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सतीश कुमार को 12 मत मिले। सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में सुरेंद्र सिंह गोले ने मुकेश कुमार यादव को चार मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर आदिल हुसैन ने 19 मत प्राप्त कर सुभाष चंद्र चौहान को सात मतों के अंतर से शिकस्त दी। अध्यक्ष पद के दो तथा कोषाध्यक्ष पद का एक मत निरस्त घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार राणा ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बार एसोसिएशन की गरिमा को बनाए रखते हुए अधिवक्ताओं के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। इस अवसर पर विपिन गोयल, शमीम अहमद, विकास कुमार, भूपेंद्र कुमार, अनूप अग्रवाल, अनिल शर्मा, धनीराम, रामवीर सिंह, अशोक कुमार, रिजवान तुर्क, पुष्पेंद्र सिंह, महेश राणा, संजय चौहान, हिमांशु त्यागी, मोहम्मद उस्मान सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

**बेटी की शादी के लिए बेचा जा रहा गेहूं बना भ्रष्टाचार का शिकार, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर**

# गेहूं गबन व फर्जी नीलामी में चार अफसरों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान का गेहूं जब्त कर गबन करने व कम कीमत पर फर्जी नीलामी कराने के मामले में अदालत के आदेश पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी, मंडी सचिव, पूर्ति निरीक्षक और सहायक पूर्ति निरीक्षक समेत चार अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। किसान का आरोप है कि बेटी की शादी के लिए बेचे जा रहे गेहूं में से 19.5 कुंतल गेहूं का गबन कर करीब 70 हजार रुपये का नुकसान पहुंचाया गया।

यह मामला रजबपुर थानाक्षेत्र के गांव अतरासी कलां का है। यहां रहने वाले किसान महताब का आरोप है कि दिसंबर 2024 में उनकी बेटी की शादी होनी थी। लिहाजा पैसे का इंतेजाम करने के लिए वह 28 नवंबर 2024 को अपना गेहूं बेचने के लिए गजरौला मंडी जा रहे थे। आरोप है कि हाईवे पर रजबपुर थाने के पास पूर्ति निरीक्षक अमरो. हा ने गेहूं लदी गाड़ी को रोक लिया तथा छोड़ने के एवज में पैसे की मांग की गई। महताब ने पैसे देने से इन्कार किया तो वह गाड़ी को रजबपुर थाने ले गए तथा महताब के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करी दी थी। साथ ही गाड़ी में लदे गेहूं को कब्जे में लेकर पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह उनके साथी सहायक पूर्ति निरीक्षक संजय मिश्रा ने महताब की मौजूदगी में गेहूं को धर्म कांटे पर तोला था। इस दौरान गेहूं का वजन 119 कुंतल 50 किलो था। आरोप है कि आरोपित ने दर्ज कराई प्राथमिकी में केवल 100 कुंतल गेहूं दर्शाया था। महताब का आरोप है कि अधिकारियों ने 19.5 कुंतल गेहूं गबन कर लिया था। उधर पुलिस की विवेचना में गेहूं सरकारी खाद्यान्न का नहीं पाया गया था। लिहाजा पुलिस ने अदालत में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी थी। इस मामले में विवेचक ने जब तत्कालीन अमरोहा मंडी सचिव अरविंद कुमार को रिपोर्ट भेजी तो मंडी सचिव ने 9 अप्रैल 2025 को महताब को नोटिस जारी कर दिया। बाद में पीड़ित महताब ने अपना गेहूं रिलीज करने के लिए 19 मई 2025 को अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया था। न्यायालय ने 19 जून 2025 को मंडी सचिव अरविंद कुमार से रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें 14 मई 2025 को अरविंद कुमार द्वारा 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की नीलामी करने की जानकारी दी गई। जबकि बाजार में गेहूं की कीमत 2600 रुपये प्रति कुंतल थी। मंडी सचिव ने जवाब में यह भी स्पष्ट किया था कि उनके द्वारा गेहूं की नीलामी तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर की गई है। महताब का आरोप है कि तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी अमरोहा, तत्कालीन मंडी सचिव अरविंद कुमार, जिला पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह, उनके सहायक संजय मिश्रा ने 19.5 कुंतल गेहूं का गबन किया है। साथ ही गेहूं की फर्जी तरीके से नीलामी करा कर 70 हजार रुपये हड़पे हैं। इस मामले में महताब की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नही की तो उन्होंने अपने अधिवक्ता जुल्फेकार अली के माध्यम से अदालत की शरण ली थी। अदालत ने रजबपुर पुलिस को आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# जांच रिपोर्ट को नहीं किया जा रहा सार्वजनिक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे स्थित शाहबाजपुर डोर गाँव में गुरूवार को 19वें दिन भी जारी रहा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जिले के लोग और किसान हर रोज गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन को किसान की कोई परवाह नहीं है। आरोप लगाया कि पानी और मिट्टी की जांच आ चुकी है, लेकिन सार्वजनिक नहीं की जा रही है। जांच पर पर्दा डालने के लिए एक और कमेटी गठित की गई है, इस कमेटी में जिले का मान्यता प्राप्त पत्रकार और एक प्रतिनिधि संयुक्त मोर्चे का शामिल होना चाहिए था, तब ही जाँच रिपोर्ट विश्वसनीय हो सकेगी। राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू ने कहा कि प्रदुषित पानी के कारण इंदौर में हुई कई लोगों की मौत मन को झकझोर देती है, गजरौला में ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए शासन प्रशासन को गंभीर होना चाहिए। इस मौके पर गिरेंद्र सिंह, रामकृष्ण चौहान, चरण सिंह, नूर अहमद, मुमताज अहमद, विकास सिंह, कौशल शर्मा, एहसान अली, दानिश,तालिब चौधरी, आसिफ चौधरी, साइना आलम, रघुवीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

# तीन रोज़ा तब्लीग़ी इज्तमा की तैयारियां जोरों पर

## कनैटा रोड पर आज से होगा आगाज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तीन रोजा तबलीगी इज्तमा की इस समय की तैयारियां जोरों पर चल रही है। कमेटी द्वारा कार्य पर नजर रखी जा रही है।

नगर के कनेटा रोड पर सालाना होने वाले तीन रोजा इज्तमा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। आयोजन कमेटी द्वारा सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जलसे के लिए स्टेट बनाया जा रहा है। इज्तमा सुनने के लिए आने वाले लोगों के बैठने के लिए पराली डालकर उस पर गद्दे व कालीन डाली जा रही है। इज्तमे में आने वाले लोगों के खाने-पीने के लिए होटल एवं कैंटीन आदि बनाये जा रहे हैं। इज्तमा में कई



क्लीनिक भी खोले जाएंगे। वजू करने के लिए सैकड़ो की संख्या में टंकी आदि लगाई गई है। टॉयलेट आदि भी बनाये गये है। 9 जनवरी यानी आज से इज्तमा का आयोजन शुरू हो जायेगा। उलेमा इज्तमा को खिताब करना शुरू कर देंगे। 11 जनवरी को समापन के बाद दुआ कराई जायेगी।

## सभासदों ने की सफाई की मांग

**हसनपुर।** नगर पालिका के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर तीन रोजा तब्लीगी इज्तमा में साफ सफाई करवाये जाने की मांग की हैं। सभासदों ने कहा कि इस इज्तमा स्थल पर साफ सफाई करवाने के साथ ही चुना पानी का टैंकरों से छिड़काव कराया जाये। मोबा. इल टॉयलेट छिड़काव लाइट आदि की व्यवस्था भी करवाई जाये।ज्ञापन देने वालों में हमजा अली, शाहनवाज अंसारी, अलीम अहमद, नौशाद अहमद, मोनिश अंसारी, शराफत मलिक आदि मौजूद थे।

## भाकियू टिकैत की ब्लॉक बैठक में किसानों के मुद्दे उठे

# शेरपुर चुंगी पर लगने वाले जाम से निजात की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ब्लॉक स्तरीय बैठक गुरुवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी यूसुफ ने की तथा संचालन गुरबचन सिंह ने किया।बैठक में किसानों ने बिजली बिल में छूट, चंद्ररा फार्म क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही को देखते हुए पिंजरे लगवाने, प्रथमा बैंक में केसीसी से जुड़ी कथित धांधली रोकने तथा गत वर्ष की केसीसी छूट राशि शीघ्र खातों में भेजने की मांग उठाई। नीलगाय, छुट्टा पशु व बंदरों से फसल नुकसान का मुद्दा उठाते हुए इन्हें पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजने की मांग की गई। इसके अलावा सड़कों के किनारे झुके पेड़ों को कटवाने, शेरपुर चुंगी पर जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा चकबंदी क्षेत्र में फौती व विरासत दर्ज कराने में आ रही दिक्कतों के समाधान



की मांग भी रखी गई। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चौधरी करवा सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, जिला महासचिव मुन्नू गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी फुलवास सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चीमा, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रोन के माध्यम से कराई यातायात की निगरानी


**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चौपला चौराहे पर जाम आए दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बनाई गई नई व्यवस्था गुरूवार को सटीक होती नजर आई। पुलिस ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी सड़कों की निगरानी कराई तो जाम की समस्या नहीं रही।

बता दें कि चौपला पर आए दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस ने एक नई व्यवस्था बनाई है, जिसके अर्न्तगत चौपला चौराहे पर डिवाईडर लगाकर आने जाने वाले वाहनों का रूट तय किया है। पहले कोई भी वाहन किसी भी दिशा से आ जाता था, जिससे यातायात संचालन में बाधा उत्पन्न होती थी तो वहीं सड़कों पर पसरा

### ■ नई व्यवस्था के बाद गुरूवार को नहीं रहा जाम

अतिक्रमण भी जाम लगाने में सहायक सिद्ध हो रहा था। जाम से निजात दिलाने के लिए न केवल स्थानीय अधिकारी बल्कि डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसपी अमित कुमार आनंद ने चौपला का जायजा लेकर मंथन किया। नतीजन चौपला पर वाहनों को व्यवस्थित ढंग से गुजारने के लिए एक नई योजना बनाई गई। नई व्यवस्था के बाद मंगलवार और बुधवार को जाम जैसे हालात रहे, मगर गुरूवार को चौपला चौराहे पर जाम के हालात देखने को नहीं मिले। वाहन चालक अपने अपने रूटों से धीरे धीरे गुजरते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने चौपला चौराहे की चारों सड़कों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी भी कराई। यातायात विभाग की टीम और पुलिस ने चौपला चौकी पर तैनात रहकर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से कराया। बता दें कि नई व्यवस्था को लेकर शहर के लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही थी, कुछ लोग नई व्यवस्था को सही ठहरा रहे थे तो कुछ पुरानी व्यवस्था को सही कह रहे थे। वहीं पुलिस का कहना था कि नई व्यवस्था सफल होने में कुछ समय जरूर लग सकता है मगर यह व्यवस्था जाम से निजात दिलाने के लिए बनाई गई है। शहर के सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए इस व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए, ताकि परिणाम सकारात्मक रहें।



■ गजरौला। चौपला चौराहे पर गुजरते वाहन। सौजन्य: पुलिस विभाग

## 15 साल के अब्दुल्ला रजी ने किया कुरआन हिफ्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** 15 साल के मोहम्मद अब्दुल्ला रजी ने कुरआन हिफ्ज किया है। वह मदरसा जामिया इस्लामिया अरबिया (जामा मस्जिद) का तालिबेइल्म है। बेटे की कामयाबी से परिवार में जश्न का माहौल है। शहर के मोहल्ला कुरैशी निवासी असलम सिद्दीकी अब्बासी क्रिकेट एकेडमी में कोच हैं। उनका बेटा मोहम्मद अब्दुल्ला रजी बचपन से होनहार हैं। दुनियावी पढ़ाई के साथ ही वह दीनी तालीम में भी होशियार है। आगामी 23 जनवरी को मदरसे में होने वाले जलसे में मोहम्मद अब्दुल्ला रजी की दस्तारबंदी की जाएगी।

## सदर तहसील बार चुनाव के लिए नामांकन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हो गई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए शकील अहमद ने अपना नामांकन कराया। जबकि, महासचिव पद के लिए संजीव कुमार, उप सचिव के लिए उमेश कुमार व क ोषाध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद और इरफान एडवोकेड ने नामांकन कराया। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, पुष्करलाल गुप्ता, ग ौरव शर्मा, अभिनव सक्सेना व मनजीत सिह मौजूद रहे। बताया कि शुक्रवार 09 जनवरी को अपरान्ह 03 बजे तक और 12 जनवरी को 01 बजे तक नामाकन पत्र विक्रय व स्वीकार किये जायेंगे।

# अब ट्रैक्टरों से स्टंट का वीडियो वायरल, पुलिस कार्रवाई में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पुलिस और यातायात विभाग भले ही लोगों को यातायात

### ■ लोग स्टंट करने से नहीं आ रहे हैं बाज

नियमों का पालन करने और स्टंट करते हुए होने वाली दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कितना भी जागरूक करें, मगर लोग हैं कि अपनी आदतों से बाज नहीं आते। गुरूवार को यातायात नियमों के उल्लंघन का मामला क्षेत्र के एक गांव से सामने आया, जहां पर युवकों द्वारा ट्रैक्टर का



स्टंट करते हुए का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार यह वायरल वीडियो ब्लॉक क्षेत्र के गांव धौरिया बिड़ला का बताया जा रहा है। जिसमें दो ट्रैक्टर एक दूसरे को रस्सी से बांधे हुए हैं और खींच रहे हैं। तमाम लोग मोबाइल से वीडियो बनाते हुए दिखते हैं, मगर कोई ऐसा नहीं दिखता जो उन्हें स्टंट करने से होने वाले जोखिम के बारे में बताए। स्टंटबाजी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर स्टंट करने वाले युवकों की तलाश करनी शुरू कर दी है। बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बरेली में तैनात एक इंस्पेक्टर के पुत्र का भी थार से स्टंट करते वीडियो वायरल हुआ था, पुलिस ने थार सीज की थी।

## रोटरी क्लब न्यू ईयर मेला 10 जनवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोटरी क्लब भरतियाग्राम के तत्वावधान में रोटरी न्यू ईयर मेला 2026 का आयोजन 10 जनवरी को हाईवे किनारे स्थित होटल स्वागत में शाम छह बजे से किया जाएगा। जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के यूनिट हेड एवं रोटरी क्लब भरतियाग्राम के प्रेसीडेट देवेंद्र बंसल ने यह जानकारी दी। बताया कि मेले में मनोरंजन एवं खान-पान के व्यापक प्रबंध रहेंगे। मुख्य अतिथि एसडीएम विभा श्रीवास्तव एवं सीओ अंजलि कटारिया होंगीं। मेले से होने वाली आय को सामाजिक कार्यों में व्यय किया जाएगा।

# सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी, दिन में धूप से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सुबह और शाम को कड़ाके की सर्दी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। गनीमत रही कि को. हरा नहीं आया वरना सर्दी और भी ज्यादा रौद्र रूप ले सकती थी। वहीं दिन में निकली धूप से लोगों को राहत मिली। धूप निकलने के बाद ही लोगों ने बाजारों में जाकर खरीददारी की।

गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे तक मौसम में सर्दी रही और सूर्य देव प्रकट नहीं हो सके। इस कारण ठिठुरन रही और बर्फीली हवाएं चलतीं रहीं। दोपहर में निकली धूप से लोगों को काफी राहत मिली। धूप के दौरान तीन

### ■ धूप निकलने के बाद ही बाजारों में आई रौनक

चार घंटे लोगों ने छतों पर बैठकर धूप का आनंद लिया और बाजारों में भी धूप के बाद ही रौनक आई। वहीं शाम के पांच बजे के बाद फिर से बर्फीली हवाओं का दौर लोगों की परेशानी का कारण बन गया। शाम होते ही ठंड ने अपना कहर बरपाया। सड़कों पर ठंड से राहत पाने को राहगीर अलाव से हाथ सेंकते नजर आए। नगर पालिका द्वारा विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई तो वहीं मुहल्ला अल्लीपुर में एक रैन बसेरा भी बनाया गया है। जहां पर पांच बेड महिलाओं के लिए तो पांच बेड पुरूषों के लिए रखे गए हैं। यहां पर पालिका द्वारा एक कर्मचारी भी तैनात किया गया है। वहीं मौसम विभाग द्वारा इंटरनेट मीडिया पर साझा की गई जानकारी के अनुसार गुरूवार को न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, हालांकि अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। आगामी एक सप्ताह की बात करें तो मौसम विभाग द्वारा प्रसारित आंकड़ों के अनुसार सर्दी अपना जलवा दिखाएगी। हालांकि धूप भी बीच बीच में राहत देती रहेगी।

# सील तोड़ने के आरोप में चिकित्सक पर मुकदमा

## फर्जी अस्पताल में सिजेरिंग कांड का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के शेरपुर मार्ग पर अवैध रूप से संचालित बिजनौर अस्पताल का मामला अब सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील की गई ऑपरेशन थियेटर (ओटी) का ताला ग्राइंडर मशीन से काटकर दो सिजे. रियन प्रसव कराए जाने का खुलासा होने के बाद पुलिस ने अस्पताल संच. ालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, बिना पंजीकरण चल रहे इस अस्पताल में न तो कोई अधिकृत सर्जन मौजूद था और न ही एलोपैथिक चिकित्सक, इसके बावजूद आधुनिक उपकरणों से महिलाओं के ऑपरेशन किए जा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब निरीक्षण के लिए पहुंची तो अस्पताल संचालक रंजीत सिंह मौके से फरार हो गया। बाद में संयुक्त निरीक्षण में सामने आया कि सील की गई ओटी का ताला ग्राइंडर मशीन से काटकर दो सिजेरियन ऑपरेशन करा दिए गए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपचार से जुड़े कोई अभिलेख नहीं मिले, जबकि प्रतिबंधित दवाओं का भंडारण और उपयोग किया जाना भी पाया गया। परिचारक ने स्वीकार किया कि सर्जरी के लिए झोलाछाप डॉक्टरों को बुलाया जाता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तहरीर पर थाना धनौरा पुलिस ने अवैध चिकित्सा व्यवसाय, सरकारी सील तोड़ने, धोखाधड़ी और प्रतिबंधित दवाओं के उपयोग की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अस्पताल भवन को सील कर दिया गया है। ग्राइंडर से काटा गया ताला और सील तोड़कर कराए गए सिजेरियन ऑपरेशन अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद अवैध अस्पतालों पर शिकंजा कसने की तैयारी तेज कर दी गई है।

# मिल से निकलने वाली छाई को रोका जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर थे किसान सहकारी चीनी मिल की चिमनियों से निकलने वाले धुंए एवं छाई से निजात दिलवाये जाने की मांग की है।

गुरुवार को एआईएमआई एससी एसटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर टीपी सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने उपाधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि दि किसान सहकारी चीनी मिल की चिमनियों से धुंआ और छाई गांव काला खेड़ा एवं हैबतपुर और उसके नजदीक के गांव में गिरती है। जिससे ग्रामीणों की आंखों की समस्या पैदा हो रही है। फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। घरों में रखे कपड़े व सामान भी छाई गिरने के चलते खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि मकान एवं छतों का रंग काला हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी अधिकारियों को इस संबंध में विज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन महीना बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस और को ध्यान नहीं दिया गया है।

## एमआईएम ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



उन्होंने कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मिल पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में अकरम अली, कासिम, कविंद्र सिंह, अकरम, इमरान, सुरेंद्र सिंह, शोएब अहमद, नरेंद्र सिंह, विजय कुमार, चेतराम आदि मौजूद थे।

# बिना चिकित्सक के संचालित हो रहा था अस्पताल

## विभाग ने किया अस्पताल सील, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचा. लित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रहरा रोड स्थित 'श्रीराम नर्सिंग होम' पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में भारी अनियमितताएं पाई गईं। जिसके बाद संचालक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी योग्य चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं मिला। जब संचालक से चिकित्सा संस्थान का पंजीकरण प्रमाण पत्र और शैक्षिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे गये। तो वह कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में सामने आया कि अस्पताल के भीतर एक अवैध ऑपरेशन थिएटर संचालित हो रहा था। मौके पर मरीजों के लिए बेड लगे थे और भारी मात्रा में दवाइयां भी बरामद की गईं। बिना किसी डिग्री या मानक के अस्पताल का बोर्ड लगाकर आम जनता से धोखाधड़ी की जा रही थी। डॉ. धुर्वेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम और धोखाधड़ी के जरिये धन अर्जित करने एवं मरीजों की जान जोखिम में डालने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# किसान को पत्नी व पुत्री सहित जमकर पीटा

## दो सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** किसान के खेत पर कब्जा करने के विरोध में दो सगे भाइयों ने किसान, उसकी पत्नी और पुत्री के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना गजरौला के गंगा पार स्थित गांव लठीरा निवासी लच्छी सिंह के खेत पर गांव निवासी दो सगे भाई अशोक व दिनेश गुरुवार को कब्जा कर रहे थे। जब लच्छी सिंह ने ऐसा करने से रोका तो वे धमकाते हुए चले गए। आरोप है कि अशोक व दिनेश यहां से सीधे लच्छी सिंह के घर पहुंचे और गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव के लिए उसकी पत्नी दयावती व पुत्री काजल आई तो उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## हितों की रक्षा के लिए एकजुट हों स्कूल प्रबंधक



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा के अध्यक्ष कमर नकवी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत एकता है तथा सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति खड़ा होना चाहिए। नगर के एनआईएम इंटर कॉलेज में समिति का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष कमर नकवी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकघ्त एकता है और सभी सदस्यों को हमेशा एकजुट रहकर एक आवाज में अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। नगर अध्यक्ष राकेश मनारिया ने कहा कि किसी भी प्रबंधक को यदि कोई समस्या आती है तो वह मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक समिति से संपर्क करे। संगठन हर स्तर पर सहयोग करेगा। जिला महामंत्री इकबाल हैदर ने कहा कि समिति सदैव अपने प्रबंधकों के साथ खड़ी है और संगठन को और मजबूत बनाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नईमुद्दीन, निरंजन सिंह, कमर आलम, मोहम्मद हसन, शबीह अहमद खान, सचिन रस्तोगी, हर्षित सिंह, मोहम्मद शाहजेब आदि मौजूद रहे।

# दौड़ में मोनिका व पंकज रहे प्रथम

## महामाया पॉलिटेक्निक में खेलकूद का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव एवं बछरायूं संयुक्त चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. रंजना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। दोनों अतिथियों ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश चंद्रा ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 100 मीटर बालिका दौड़ में कुमारी मोनिका प्रथम, ज्योति द्वितीय और कुमारी यशोदा तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग बैडमिंटन में कुमारी विजेता ने खिताब अपने नाम किया, जबकि कुमारी अनुष्का उपविजेता रहीं। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पंकज सैनी प्रथम, सैंकी कुमार द्वितीय और नूतन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग बैडमिंटन में राधे गोविंद विजेता बने और प्रेम सागर




यादव उपविजेता रहे। इस अवसर पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके अनुशासन की सराहना की। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रंजना सिंह ने कहा कि खेलकूद हमारे सर्वांगीण विकास का आधार हैं और शिक्षा के साथ खेलों को भी बराबर महत्व देना चाहिए। प्रधानाचार्य राजेश चंद्रा ने छात्रों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस मौके पर शिल्पी रानी, प्रियंका गुप्ता, आदर्श राणा, आलोक कुमार, करन सिंह, अंकित कुमार, अंकुर चौहान, अमित पवार, विपिन कुमार, देवेंद्र सिंह सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भतीजे की हत्या के मामले में चाचा को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**उसावां।** थाना क्षेत्र के ग्राम गूरा बरेला में भतीजे की हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी चाचा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जुर्माना न भरने पर तीन महीने का अधिक कारावास भुगतना होगा।मामला 25 जनवरी 2019 का है, जब आरोपी चाचा अपने भतीजे को घर से ले गया था। इसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए कड़ी सजा सुनाई। कोर्ट के फैसले से मृतक के परिजनों ने न्याय मिलने की बात कही है।

# रावतपुर उपमंडी क्रय केंद्र पर करोड़ों का घोटाला, मुख्यमंत्री से की गई शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**उसावा।** नगर पंचायत निवासी सौरभ तोमर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खाद्य एवं रसद विभाग के क्रय केंद्र उसावा उपमंडी, रावतपुर में बाजरा खरीद में करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। यह कथित घोटाला खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान हुआ बताया जा रहा है।शिकायतकर्ता सौरभ तोमर ने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक की बाजरा खरीद में 159 किसानों से 1009.950000 मीट्रिक टन बाजरा खरीदने का डेटा दर्शाया गया है। इसमें अकबरपुर, मूजखेड़ा, दलेलगंज और उधौली जैसे प्रमुख राजस्व ग्रामों के किसानों से खरीद दिखाई गई है। तोमर ने एक किसान पंजीकरण आईडी (सं0-1490188330) का हवाला दिया, जो सुनीता यादव पत्नी दिनेश कुमार के नाम पर है। इस आईडी पर दिनेश कुमार /चंद्रपाल, रामनाथ/ मानसिंह, आशाराम/ मान. सिंह, लज्जाराम/ मानसिंह, रामनिवास / गंगाराम, सत्यपाल/सिब्बू और जुगपाल/ मुंशी सिंह के नाम से 107.05866 मीट्रिक टन बाजरा की फसल बेची हुई दर्शाई गई है, जिसे उन्होंने पूर्णतया गलत बताया है।शिकायत में कहा गया है कि उसावा रावतपुर क्रय केंद्र पर बाजरा की फसल की खरीद पूरी तरह से फर्जी तरीके से दर्शाई गई है। किसानों से फसल खरीदने के बजाय, फुटकर व्यापारियों से 1700 रुपये से 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदकर राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाया गया है।इस कथित घोटाले से किसानों को सरकारी लाभ योजनाओं से वंचित किया गया है और उनके मन में राज्य सरकार के प्रति अविश्वास पैदा हुआ है।

आरोप है कि केंद्र प्रभारी ने पल्लेदारी/उठान और परिवहन ठेकेदार के साथ मिलकर करोड़ों रुपये का हेरफेर किया है। बिचौलियों और केंद्र प्रभारियों ने मिलकर राज्य सरकार को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है।शिकायत में यह भी बताया गया है कि ऐसे दस-दस लोगों के नाम चढ़ाए गए हैं जिनके पास न तो बाजरा का रकवा था और न ही उन्होंने बाजरा की कोई फसल की थी। सौरभ तौमर ने मुख्यमंत्री से इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# सालाना दो दिवसीय उर्स का हुआ आगाज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** कस्बा उझानी के मौहल्ला गंज शहीदां में सरफुददीन बाबा रहमतुल्लाह अलैह की प्राचीन दरगाह है। जिस पर हर वर्ष उर्स कराया जाता है।

गुरुवार को 9 बजे के आसपास सरफुद्दीन बाबा रह0 अलैह के सालाना दो दिवसीय उर्स का आगाज शानो शौकत के साथ हुआ। जायरीनों ने दरगाह पर पहुंचकर दुरुद फातिहा करायी। दोपहर में दरगाह परिसर में कुरान ख्वानी कराई गई। बाद नमाजे इशा जलसा कराया गया । जिसमें बड़ी संख्या में जायरीनों ने पहुंचकर हिस्सा लिया। दरगाह के सदर नवाव मियां ने बताया शुक्रवार को बाद नमाजे फज्र कुल शरीफ होगा।

## बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने सुनीं जनता की समस्याएं: संबंधित को दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** विधायक आशुतोष मौर्य ष्राजू भैया ने आज सुबह अपने आवास पर जनता की समस्याओं और शिकायतों को सुना। उन्होंने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता दी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों व अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य राजू भैया ने लोगों की विभिन्न समस्याओं पर ध्यान दिया, जिनमें नगर और गांवों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित निर्देश दिए। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य राजू भैया ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि वे नियमित रूप से जनता दर्शन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से मिलते हैं और सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य राजू भैया ने हर फरियादी की बात को धैर्यपूर्वक सुना और दोहराया कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## पद्मांचल जैन मंदिर पर जरूरतमंदों बांटे कंबल, मिली राहत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव दिधौनी स्थित पद्मांचल जैन मंदिर पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जरूरतम. दों को 75 कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम प्रेमपाल सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी सागर, ट्रीमैन प्रशांत जैन, देव ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन समाज के अध्यक्ष मृगांक जैन ने की। एसडीएम ने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को आगे आकर जरूरतम. दों की मदद करनी चाहिए। इस प्रकार के सेवा कार्यों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द मजबूत होता है। ट्रीमैन प्रशांत जैन ने भी सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया और समाज से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानवीय सेवा करने का आह्वान किया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

# मोबाइल की दुकान की चाबी बनवाकर चोरी को दिया अंजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** नगर के बिल्सी रोड स्थित भुवनेश कम्युनिकेशन मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोरों ने आश्चर्यजनक तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया। आश्चर्य करने वाली बात यह रही कि चोरों ने बिना शटर काटे और बिना कोई कूमल लगाये घटना को अंजाम दे दिया। चोरों ने शातिर अंदाज में दुकान की चाबी बनवाकर चोरी को अंजाम दिया। मोबाइल की दुकान से चोर लगभग दर्जन भर से अधिक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी होने पर दुकान स्वामी सन्न रह गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की यह वारदात किसी परिचित या दुकान की गति. विधियों की जानकारी रखने वाले व्यक्ति द्वारा की गई प्रतीत होती है। सूचना पर पुलिस गई और आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी।

## बिसौली: धर्मांतरण का मामला संज्ञान में आया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** गुरुवार को बिसौली में एक धर्मांतरण का मामला संज्ञान में आया जिसमें एक हमारे हिन्दू भाई की धर्मपत्नी को एक ईसाई धर्म के पादरी द्वारा बहला फुसला कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था ।

जिसकी सूचना प्राप्त होते ही विश्व हिन्दू महासंघ जिला अध्यक्ष प्रिन्स देव शर्मा ने अपनी समस्त कार्यकारणी के साथ कोतवाली बिसौली में अपना मोर्चा खोल दिया संगठन का रोष देख थानाध्यक्ष बिसौली ने पादरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया एवं पादरी को जेल भेजने का आश्वासन देकर पीड़ित परिवार एवं संगठन के समस्त पदाधिकारीगण को संतुष्ट किया। जिसमें आज विनोद भारद्वाज (जिला प्रभारी), शिवम् वार्ष्णेय (जिला महामंत्री), अनुज मिश्रा (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), महेश प्रधान जी (जिला उपाध्यक्ष), दुर्विजय सिंह शाक्य (जिला उपाध्यक्ष), प्रमोद मिश्रा (जिला उपाध्यक्ष), शिवकुमार शर्मा (जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), रितिक देव शर्मा (जिला प्रभारी आईटी सेल) एवं रजत ठाकुर (महानगर अध्यक्ष) आदि लोग मौजूद रहे।

## जेम पोर्टल के माध्यम से बदायूं के औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखण्डों का ई-आक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उद्योग निदेशालय के अन्तर्गत विकसित राजकीय औद्योगिक आस्थानों व मिनी औद्योगिक आस्थानों ने रिक्त भूखण्डो व शेडों को जैम पोर्टल पर फारवर्ड ई-आक्शन प्रकिया के माध्यम से एकीकृत रूप से आवंटित्त किये जाने हेतु निदेशालय के द्वारा निर्देशित किया गया है। उन्हांने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश के पश्चिमांचल के जनपद में स्थापित औद्योगिक आस्थानों/मिनी औद्योगिक आस्थानों जिसमें जनपद बदायूँ का औद्योगिक आस्थान सालारपुर, मिनी औद्योगिक आस्थान उझानी, मिनी औद्योगिक आस्थान सहसवान, मिनी औद्योगिक आस्थान बिसौली में रिक्त भूखण्डों को आवंटित किये जाने हेतु जैम बिड निर्गत की जा रही है। यह भूखण्डों / शेडों को बिड सं0 29097 द्वारा फारवर्ड ई-ऑक्शन जेम पोर्टल के माध्यम से ऑक्शन बिड नम्बर 29097, वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जेम डॉट जीओवी डॉट आईएन पर आवेदन लिए जायेगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन समयावधि 06 से 19 जनवरी 2026 तक, आवदेन पत्रों का स्कूटनी 19 से 27 जनवरी 2026, 10 प्रतिशत ईएमडी जमा करने की तिथि 27 जनवरी से 01 फरवरी 2026, ईएमडी धनराशि की स्कूटनी की तिथि 02 से 04 फरवरी 2026 तक तथा नीलामी बोली की तिथि 05 फरवरी अपरान्ह 02 बजे से 06 फरवरी 2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक होंगे।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग: पीलीभीत के लक्ष्य बाबा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

शाह टाइम्स संवाददाता



**पीलीभीत।** जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिले के होनह. ार युवा लक्ष्य बाबा का चयन सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सरदार 150 निबंध / रील प्रतियोगिता के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। यह चयन उनके द्वारा प्रस्तुत विचारोत्त. जक वक्तव्य की रील (वीडियो) के आधार पर हुआ है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत लक्ष्य बाबा को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉगदृ2026 में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा 9 से 12 जनवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे, जो देशभर से चयनित युवा प्रतिनिधियों से सीधा संवाद करेंगे तथा विक. सित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस ऐतिहासिक मंच पर युवा प्रधानमंत्री के समक्ष युवाओं के नवाचार, सुझाव, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। लक्ष्य बाबा के इस राष्ट्रीय स्तर पर चयन से पीलीभीत जिले का नाम पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। साथ ही इससे जिले के युवाओं में नई ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का संचार हुआ है।

## राज्यपाल से मिलीं 11वीं कक्षा की छात्र वैशाली शर्मा



**पीलीभीत।** गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल की 11 वीं कक्षा की छात्रा वैशाली शर्मा को विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग २०२६ प्रतियोगिता के फाइनल चरण में 12 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हुई, इसके अन्तर्गत उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल से भेंट करके अपने विचार उनसे साझा करने थे, अन्य प्रतिभागियों के साथ वैशाली ने उनसे मुलाकात की और अपने विचार उनके सामने प्रस्तुत किये। यह मात्र विद्यालय के लिए नहीं, अपितु पूरे जनपद के लिए गर्व का क्षण है। वैशाली ने हम सभी को गर्व महसूस कराया है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के आयु के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं।

यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक गतिविधियों और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। वैशाली शर्मा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग २०२६ प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर 12 जनवरी को दिल्ली में दो अन्य साथियों के साथ प्रतिभाग करेंगी, तत्पश्चात इन्हें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सुनहरा अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका सोनिया गोस्वामी तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने वैशाली शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## धमकी और गाली-गलौज से दहशत में व्यापारी परिवार, एसपी से की कठोर कार्रवाई की मांग

**पीलीभीत।** आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के प्रतिशोध में असामाजिक तत्वों द्वारा मंडी में संचालित एक सब्जी आढ़त के कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मण्डी समिति पीलीभीत में संचालित "ठाकुर साहब एंड कंपनी" के संचालक रविन्द्र सिंह द्वारा 6 जनवरी को आईजीआरएस पोर्टल पर मुश्ताक गैंग के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत से बौखलाए आरोपियों ने अगले ही दिन 7 जनवरी को आढ़त पर कार्यरत कर्मचारी मुंशी सुभान को फोन कर अश्लील गालियां दीं और प्रतिष्ठान बंद न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता नीलम सिंह ने बताया कि फोन करने वाला परवेज, शिकायत में नामजद मुश्ताक गैंग के सक्रिय सदस्य साजिद का सगा भाई है, जो मंडी में दुकान नंबर 57 पर सब्जी की दुकान चलाता है। आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और धमकियां दी जाती रही हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।मंडी समिति क्षेत्र में सक्रिय एक कथित गैंग द्वारा व्यापारी परिवार को भयभीत किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा गया है। शिकायत में कहा गया है कि आईजीआरएस पर की गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के उद्देश्य से गैंग के सदस्य संगठित रूप से धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने फोन कॉल के माध्यम से न केवल अश्लील गालियां दीं बल्कि प्रतिष्ठान बंद कराने और जान से मारने की खुली धमकी भी दी। पीड़िता ने आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई न होने पर कोई गंभीर आपराधिक घटना हो सकती है।

# जांच में बेदाग निकले ग्राम प्रधान पिंटू, साजिश के तहत रची गई थी बदनाम करने की कोशिश

**बीसलपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत उगनपुर मरोरी में ग्राम प्रधान पिंटू के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार और गबन के आरोपों की जांच पूरी होने के बाद सच्चाई सामने आ गई है। जांच में स्पष्ट हुआ है कि ग्राम प्रधान पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन थे।

जांच में यह सामने आया कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्य स्वीकृत योजनाओं के अनुरूप किए गए हैं। सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर लगाए गए आरोपों की कोई ठोस पुष्टि नहीं हो सकी। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान पिंटू को बदनाम करने के उद्देश्य से आपसी रंजिश के चलते झूठी शिकायतें दर्ज कराई गईं। अतुल नामक व्यक्ति से जुड़े पुराने विवाद के कारण ग्राम प्रधान की छवि धूमिल करने की साजिश रची गई और फर्जी कार्रवाई कराने का दबाव बनाया गया। ग्राम प्रधान के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिंटू के कार्यकाल में गांव में विकास कार्यों में तेजी आई है और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता के साथ कार्य किए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए कहा कि यह सब विकास को रो. कने की मानसिकता का परिणाम है। जांच में आरोपमुक्त होने के बाद ग्राम पंचायत क्षेत्र में संतोष और विश्वास का माहौल है। ग्रामीणों का मानना है कि सच्चाई सामने आकर यह साबित हो गया है कि ग्राम प्रधान पिंटू को बेवजह बदनाम करने का प्रयास किया गया था।

### यूसुफ क़ादरी ने ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांवों का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी पीलीभीत के पूर्व ज़िला महासचिव यूसुफ़ क़ादरी ने 127 विधानसभा पीलीभीत के अंतर्गत ललौरीखेड़ा ब्लॉक के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद करें प्ट में जमा हुए फार्म, नई वोटर लिस्ट और जिन मतदाताओं के वोट कट गए हैं, उन सभी विषयों पर लोगों को जागरूक किया। यूसुफ़ क़ादरी ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्तर से मतदाता सूची की जांच अवश्य करें और यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम नई वोटर लिस्ट में सही तरीके से दर्ज है। जिन लोगों के वोट किसी कारणवश कट गए हैं, उन्हें दोबारा फार्म भरकर समय रहते सुधार कराने की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि "मतदाता सूची से नाम कटना जनता की आवाज़ को दबाने जैसा है। हर पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहना चाहिए।"दौरे के दौरान गांवों की चौपालों पर रुककर उन्होंने युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को नया वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। साथ हीं प्ट में जमा फार्मों की स्थिति को लेकर भी लोगों को सही जानकारी दी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल को बेहद ज़रूरी बताया और कहा कि इस तरह के अभियानों से आम लोगों को अपने अधिकारों के प्रति समझ मिलती है।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनके साथ भी मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन ने उपमन्यु, अलका एवं अन्य विशिष्ट को किया सम्मानित



**मथुरा।** मथुरा बार एसोसिएशन द्वारा एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ब्रज प्रेस क्लब की अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट,स्पेशल डीसीसी पॉक्सो श्रीमती अलका उपमन्यु,पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स एवं अधिवक्ता पोनिया अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया।

मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सचिव श्री शिव कुमार शर्मा ने बार कार्यालय में श्री उपमन्यु एवं श्रीमती अलका एवं अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं प्रशंसा पत्र देकर के सम्मानित किया है। बार एसोसिएशन द्वारा श्री उपमन्यु को दिए गए प्रशंसा पत्र में उनके द्वारा मथुरा न्यायालय प्रांगण में बड़े वाटर कूलर लगवाने एवं वादकारियो को बैठने के लिए सीमेंट की बेंच एवं मथुरा बार एसोसिएशन की प्रकाशित होने वाली डायरेक्टरी के लिए विशेष सहयोग प्रदान कराया है इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनकी प्रशंसा की गई तथा सम्मानित किया गया।

## चोरी की कार को मथुरा से किया बरामद, युवक को पकड़कर ले गई पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के हाईवे थाना क्षेत्र के रहने वाला व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार हो गया। मेरठ के विक्रेता ने भरोसा जुटाकर उन्हें 29 लाख रुपये में इनोवा कार दिलवा दी, लेकिन आठ माह बाद घर पर दिल्ली पुलिस पहुंची तो पता लगा कि कार चोरी की है। फिलहाल दिल्ली पुलिस कार को अपने साथ ले गई, लेकिन पीड़ित ने धोखाधड़ी में मेरठ के विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

महानगर के गोवर्धन चौराहे के पास जमुनाधाम निवासी अमित सिंह ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया है कि अक्तूबर 2024 में गाजियाबाद के एक शोरूम से नई इनोवा कार की बुकिंग कराई थी, लेकिन वेटिंग होने के कारण कार नहीं मिली। इसके बाद फरवरी 2025 में मेरठ के गढ़ रोड स्थित कीर्ति पैलेस निवासी कनिका स्वामी का फोन आया। कहा कि वह 45 दिन में इनोवा कार दिलवा देगा। कीर्ति ने गाजियाबाद में एक शोरूम से बुकिंग रद्द करा दी और एडवांस दिए 7. 50 लाख रुपये वापस करा दिए।

इससे अमित को भरोसा हो गया और 30 अप्रैल 2025 को जयपुर से अच्छी हालत में पुरानी कार दिलवा दी। इसके एवज में उन्होंने अलग-अलग समय में करीब 29 लाख रुपये दे दिए। कार के दस्तावेज भी दिलवा दिए। इसी बीच दिसंबर 2025 को दिल्ली की मॉडल टाउन पुलिस उनके घर आ धमकी। करीब 20 मिनट तक पूछताछ करती रही। फिर बताया कि यह चोरी की कार है।

# केएम अस्पताल ने लगाया नवीपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों हुए लाभान्वित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** पूरे उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी है, ग्रामीण अंचलों में बीमार पड़े लोग अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे है, ऐसे में स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम गांव-गांव जाकर अपनी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उनके गांव उनके घर पर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में आज केएम हॉस्पिटल और केएम वेटरिनरी की चिकित्सकीय टीम ने नवीपुर गांव में डा. राजबहादुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसका बीमार पशुओं सहित सैकड़ों मरीजों लाभ उठाया। केएम अस्पताल का उद्देश्य वंचित समुदायों, विशेष रूप से बुजुर्गों, निम्न आय वाले परिवारों और बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य परीक्षण प्रदान करना है। यह शि. विर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया, जिसके दौरान एक समर्पित चिकित्सा दल ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। उपस्थित डॉक्टरों में डा.गुडिया, डा. अंकिता गोयल, डा. विशेष मोहन सक्सैना शामिल थे, जिन्होंने जरूरतमंदों को परामर्श और चिकित्सा देखभाल प्रदान की। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 200 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इसके अलावा नवीपुर गांव में बीमार पड़े पशुओं को वेटरिनरी कालेज के डाक्टर अभिषेक सिंह डा. गिरीश गुप्ता ने निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। इस पहल ने सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें। संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Emil mkkhan 741@gmail-com

# घने कोहरे में ट्रक का कहर, मोटरसाइकिल सवार पिता व दो बेटों की कुचलकर मौत

**बरेली-पुलभट्टा फोरलेन पर भीषण हादसा, मजदूरी करने जा रहे परिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा**








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली-पुलभट्टा फोरलेन मार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया। घने कोहरे और तेज रफ्तार ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। मोटरसाइकिल से मजदूरी करने जा रहे पिता और उसके दो बेटों को एक ट्रक ने बेरहमी से कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया, वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव इटोआ निवासी 55 वर्षीय पप्पू रोजी-रोटी की तलाश में अपने दो पुत्रों 20 वर्षीय विवेक और 15 वर्षीय विशाल के साथ मोटरसाइकिल से उत्तराखंड के किच्छा जा रहे थे। बताया जाता है कि तीनों रोज की तरह सुबह-सुबह मजदूरी के लिए निकले थे। सुबह करीब आठ बजे जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल बरेलीख्रपुलभट्टा फोरलेन मार्ग पर गुड़ध्वारा गांव के पास पहुंची, तभी घने कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और पिता-पुत्र सड़क पर दूर जा गिरे। तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सड़क पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने मृतकों की तलाशी ली तो उनकी जेब से मिले कागजातों के आधार पर उनकी पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई। जैसे ही हादसे की खबर गांव इटोआ पहुंची, वहां चीख-पुकार मच गई। मृतक पप्पू के घर पर परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि पप्पू के कुल छह बच्चे हैं, जिनमें से दो पुत्रों की इस हादसे में मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## झगड़े के दौरान हुई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** आपसी रंजिश के दौरान हुई गाली गलौज और मारपीट के बाद फायरिंग होने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जाँच शुरू कर दी है। नगर के प्रशांत शर्मा नाम के युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि केशवपुरम शुगर फैक्ट्री फाटक के पास बीती 6 जनवरी की शाम कुछ लोगों ने एकजुट होकर उसे घेर लिया। इसके बाद उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी भी दी है। बताया जाता है कि इस दौरान वहां फायरिंग भी की गई। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।

## डम्पर ने ई-रिक्शा को कुचला, चालक और मिस्त्री की दर्दनाक मौत, दो मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घने कोहरे के चलते गुरुवार को एक डम्पर ने ई रिक्शा को कुचल दिया, जिसमें टुक टुक चालक सहित एक बोरिंग मिस्त्री सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

गुरुवार को नजदीकी गांव ईधजागीर की वस्ती यासीननगर के रहने वाले टुक टुक चालक हाशिम अपने टुक टुक पर बोरिंग का सामान ले कर भोजीपुरा के गांव लाडपुर जा रहे थे। उनके साथ बोरिंग मिस्त्री नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के सलीम, नसरुद्दीन व रहीसुद्दीन उर्फ मझले जा रहे थे।

टुक टुक जैसे ही रिठौरा के पास





राजश्री पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे डंपर ने टुक टुक को कुचल दिया। मार्ग पर तीव्र मोड और घना कोहरा होने के चलते यह हादसा हो गया। हादसे में टुक टुक चालक ग्राम ईधजागीर के हाशिम, रिछोला किफायतुल्ला के बोरिंग मिस्त्री सलीम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो मजदूर नसरुद्दीन और रहीसुद्दीन उर्फ मझले गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना स्थल पर मृतकों के परिजनों के पहुंचते ही कोहराम मच गया।

# छह माह से बन्द पड़े स्कूल को खुलवाए जाने की एसडीएम से मांग, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के ग्राम जादोपुर के 6 महीने से बंद स्कूल के लिए अभिभावकों व छात्रों के साथ सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एड सुनीता गंगवार ने स्कूल बन्द होने के पीछे गंदी राजनीति का हवाला दिया। एस डी एम उदित पवार को सौंपे पत्र में उन्होंने कहा कि जिस स्कूल में बच्चों को शिफ्ट किया गया है उस स्कूल की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर है, रास्ते में नहर भी पड़ती है उसके बावजूद भी बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से राजनीति के तहत वंचित किया जा रहा है जो की एक चिंता का विषय है बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सुनीता गंगवार ने कहा दूसरे स्कूल में बच्चों की अटेंडेंस भी फर्जी तरीके से लगाई जा रही है जबकि बच्चे 6 महीने से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि रास्ता भी खराब है बीच में नहर भी पड़ती है जो कि बच्चों के लिए खतरनाक है माता-पिता बच्चों को भेजने में असमर्थ हैं। फर्जी अटेंडेंस का घोटाला भी चल रहा है। संस्था अध्यक्ष ने कहा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन्हें स्वत संज्ञान से इस स्कूल को तत्काल ही खोला जाना चाहिए, इस स्कूल में 45 बच्चे पढ़ रहे थे 12 बच्चों के एडमिशन होने थे उसके बावजूद भी इस स्कूल को बंद कर दिया गया ग्रामीणों ने सब जगह गुहार लगाकर देख लिया किंतु कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। संस्था अध्यक्ष ने कहा यदि प्रशासन स्कूल को खोलने में विलंब करता है तो संस्था मजबूर होकर बच्चों के साथ धरने पर बैठेगी। संस्था के कोषाध्यक्ष वहीद अहमद अंसारी ने कहा बच्चों की शिक्षा में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। इसमें ब्रह्मानंद गंगवार, बृजेश गंगवार, खेमकरण लाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड ने किया बेदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में मौसम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। सुबह से ही को. हरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम रही और जनजीवन प्रभावित हुआ। दिन भर सूर्य के दर्शन नहीं हो सके, जिसके चलते अधिकतम तापमान केवल 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 5.7 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह अनुसार बरेली में दिनभर बादल और धुंध छाई रही। सुबह आर्द्रता 95 प्रतिशत रही, जबकि शाम बजे यह 85 प्रतिशत दर्ज की गई। अधिक नमी और कम तापमान के कारण ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2198 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 08.1.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-193 वार्ड-7 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में इकबाल अहमद पुत्र श्री नक्श बन्द के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-18.12.2021 के द्वारा जरीना बी पत्नी श्री इकबाल अहमद व फैयाज व मेंहदी हसन पुत्रगण श्री इकबाल अहमद निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री जहूरूल इस्लाम पुत्र श्री अब्दुल सलाम निवासी मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-18.05.2022 के द्वारा श्री जहूरूल इस्लाम पुत्र श्री अब्दुल सलाम निवासी मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री फईम अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-23.02.2023 के द्वारा फैयाज पुत्र श्री इकबाल अहमद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री फईम अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री फईम अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2192 /न0पा0प0ब0/ कर/2025-26 दिनांक- 08.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-425 वार्ड-05 जो मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मो0 अहमद पुत्र अहमद रजा के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को दान विलेख पत्र दिनांक-23.03.2024 के द्वारा श्री मो0 अहमद मुन्ने पुत्र श्री अहमद रजा निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती सुराज जहां पत्नी स्व0 तनवीर अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-08.04.2024 के द्वारा सुराज जहां पत्नी स्व0 श्री तनवीर अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती उजमा अली पत्नी श्री सिराज अहमद व सना नूरी पत्नी श्री खतीब अहमद निवास. ीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती उजमा अली पत्नी श्री सिराज अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने सना नूरी के अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को पालिका कर अभिलेखों में अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# डीआईजी अजय साहनी की रणनीति ने बदली पुलिसिंग की तस्वीर

- **आईजीआरएस रैंकिंग में बरेली रेंज पूरे यूपी में नंबर-वन**
- **सख्त मॉनिटरिंग, जीरो-टॉलरेंस नीति और जवाबदेह प्रशासन का दिखा असर, 86 थानों का उत्कृष्ट प्रदर्शन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली रेंज पुलिस ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता डीआईजी अजय कुमार साहनी की सटीक रणनीति, सतत निगरानी और जीरो-टॉलरेंस अप्रोच का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। उनकी मेहनत अब केवल फाइलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसका असर धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है।

डीआईजी अजय साहनी के कुशल नेतृत्व में बरेली रेंज की पुलिस ने शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिकर निस्तारण को प्राथमिकता दी। इसका नतीजा यह रहा कि दिसंबर-2025 की आईजीआरएस रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल कर लिया। यह उपलब्धि किसी एक जनपद या थाना पुलिस की नहीं, बल्कि बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों की समन्वित, अनुशासित और जवाबदेह पुलिसिंग का सामूहिक परिणाम है।

डीआईजी के निर्देशन में एसपी पीलीभीत अभिषेक, एसएसपी बरेली अनुराग आर्य, एसएसपी बदायूं ब्रजेश सिंह और एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी द्वारा की गई कड़ी मॉनिटरिंग ने पुलिसिंग की कार्यशैली को नई दिशा दी। नए साल की शुरुआत के साथ ही बरेली रेंज पुलिस ने ऐसा दमदार प्रदर्शन किया कि पूरा उत्तर प्रदेश इसकी मिसाल देने लगा है।

### 86 थानों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, रेंज ने रचा कीर्तिमान

आईजीआरएस रैंकिंग में बरेली रेंज के कुल 86 थानों ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

बरेली जनपद के 27 थाने-कोतवाली, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियाँ, भुता, भोजीपुरा, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, सिरौली, कैंट, फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, अलीगंज, क्योलड़िया, हाफिजगंज, बहेड़ी और मीरगंज।

बदायूं के 21 थाने, पीलीभीत के 15 थाने और शाहजहांपुर के सभी 23 थानों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रेंज को शीर्ष पर पहुंचाया।

### कर्मठता का सम्मान, लापरवाही पर सख्ती

डीआईजी अजय साहनी ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य के लिए रेंज कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि भविष्य में जिन जनपदों या थानों का प्रदर्शन कमजोर पाया जाएगा, उनकी कड़ी समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाएगी।

डीआईजी ने कहा कि अब पुलिसिंग केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाधान, संतुष्टि और जनता के विश्वास पर आधारित होगी। शिकायत मिलेगी तो दर्ज होगी, दर्ज होगी तो समय पर और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होगाख्रयही बरेली रेंज पुलिस का नया मॉडल है।

# विकास प्राधिकरणों व स्थानीय निकायों के कार्यों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर महाराज की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में विधान परिषद समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए अनियमित. ताओं पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा की गई।

समिति ने नगर निगम एवं बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विकास और जनसुविधा कार्यों की उन्मुक्त कंठ से सराहना की। बैठक में विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, जयपाल सिंह व्यस्त, पवन सिंह चौहान, बहोरन लाल मौर्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने समिति को बताया कि नगर निगम के अंतर्गत तिलक इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और मौलाना आजाद इंटर कॉलेज संचा. लित हैं। समिति ने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या और शिक्षक-छात्र अनुपात की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार के लिए शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय पर्वों पर शैक्षिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कराने को कहा गया। नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, एन-कैप योजना और वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बताया गया कि मियावाकी पद्धति से वन विकसित किए गए हैं।

**पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमशे जुड़े रहे।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2196 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक-08.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-59(03) वार्ड-09 जो मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में राजा उर्फ राजु पुत्र श्री राम भरोसे लाल के नाम से दर्ज है। उक्त आरा. जी को दान पत्र दिनांक-26.12.2025 के द्वारा राजा उर्फ राजु पुत्र श्री राम भरोसे लाल निवासी मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती संतोष पत्नी श्री राजा उर्फ राजू निवासी मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। श्रीमती संतोष पत्नी श्री राजा उर्फ राजू निवासी मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेडी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए पालिका में आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2195 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 08.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-59 वार्ड-09 जो मोहल्ला गोदाम (रामलीला) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री भिखारी पुत्र मंगली हरिजन के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-18.07.2025 के द्वारा श्री भिकारी लाल की मृत्यु दिनांक-10.05.2018 को हो चुकी है। वसीयत प्रमाण पत्र दिनांक-23.11.2023 के द्वारा उक्त आरा. जी श्री राजीव कुमार पुत्र राम भरोसे लाल निवासी मोहल्ला गोदाम (रामलीला) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को प्राप्त हुई है। श्री राजीव कुमार पुत्र राम भरोसे लाल निवासी मोहल्ला गोदाम (रामलीला) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2194 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 08.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-59 वार्ड-09 जो मोहल्ला रामल. ीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री भिखारी पुत्र मंगली हरिजन के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-18.07.2025 के द्वारा भिकारी लाल की मृत्यु दिनांक-10.05.2018 को हो चुकी है। वसीयतनामा दिनांक-22.01.1997 के द्वारा उक्त आराजी श्रीमती तारा देवी पत्नी राम भरोसे लाल निवासी मोहल्ला गोदाम (रामलीला) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को प्राप्त हुई है। श्रीमती तारा देवी पत्नी राम भरोसे लाल निवासी मोहल्ला गोदाम (रामलीला) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

## एक नजर

## नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज ने अपने कर्मचारियों को गर्म ट्रैक सूट बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**सेंथल।** नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने बेतहाशा पड़ रही ठंड को नजर में रखते हुए अपने सभी कर्मचारियों को गर्म ट्रैक सूटों का वितरण किया।

सूट पाकर कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे।बाद में बोर्ड के लोगों की एक मीटिंग हुई जिसमें सभासद असलम अली व उनके अन्य साथी सदस्यों ने जगह जगह से हो रही पानी की लीकेज का मामला भी उठाया एवं जिलाधिकारी बरेली से शिकायत किए जाने की बात भी कही।सभासद गुड्डू अल्वी ने बताया कि नगर पंचायत अभी जल्दी में ही एक नई पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था जिसकी पाईप लाइन डालने के लिए नगर पंचायत के मार्गों को खोदा गया था, काम पूरा होने के बाद ठेकेदार ने मार्गों की मरम्मत ठीक ढंग से नहीं कराई जिस कारण टंकी का पानी जगह जगह से लीक हो रहा है।उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी बरेली से शिकायत किए जाने की बात भी कही।मीटिंग में समस्त सभासद व अधिशासी अधिकारी आदि भी उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर खड़ी फसल को राजस्व टीम ने पलटवाया, गन्ने के लिए दी दो दिन की मोहलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर की बेशकीमती सरकारी भूमि पर चले आ रहे अवैध कब्जे पर गुरुवार को तहसील प्रशासन ने ट्रैक्टर चलवा दिया। प्रशासन ने जहां सरकारी भूमि के कुछ हिस्से पर खड़ी बरसीन की फसल को लौटवा दिया वहीं कुछ जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल को काट लेने के लिए दो दिन की मोहलत दी है।

अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नायब तहसीलदार शोभित चौधरी अपने साथ प्रभारी कानून गो श्याम सुन्दर गुप्ता, क्षेत्रीय लेखपाल पूनम, लेखपाल वसीम अंसारी, उप निरीक्षक अभिषेक नागर और पुलिस वल को लेकर स्थल पर जा पहुंचे, और ग्राम प्रधान रवि बाबू से ट्रैक्टर मंगवा कर सरकारी भूमि के कुछ हिस्से पर खड़ी बरसीन की फसल को अपने सामने लौटवा दिया। इस दौरान जमीन पर अवैध कब्जा जमाए बैठे संतराम के पुत्रों ने कुछ जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल काटने के लिए दो दिन का समय मांगा, जिस पर उन्होंने उसे लिखित में दो दिन कि मोहलत दे दी। नायब तहसीलदार शोभित चौधरी ने चेतावनी दी अगर दो दिन के अंदर गन्ने की फसल नहीं काटी गई तो वह फसल को नीलाम कर पैसा सरकारी खजाने में जमा करा देंगे। गौर तलब हो इस मामले में 23 माह पहले ग्राम की लालाराम द्वारा कब्जेदार संतराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, इसके कुछ दिनों बाद संतराम का निधन हो गया था और जमीन पर उनके पुत्रों ने कब्जा कर लिया था। खास बात यह रही कि रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद भी तहसील प्रशासन ने ग्राम समाज की इस बेशकीमती भूमि से कब्जा नहीं हटाया था, जिसकी शिकायत किए जाने पर कब्जेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

## कोचिंग पढ़कर आ रही छात्रा का अपहरण, 15 लाख की फिरौती मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एसओजी, क्राइम ब्रांच बरामद में जुटी**

**नवाबगंज।** किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा का अपहरण कर लिया गया। घटना को लेकर जहां क्षेत्र में सनसनी फैल गई है वहीं छात्रा की बरामदगी और अपहरणकर्ता की तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी हैं।

जिला पीलीभीत के गांव अजीत डांडी के रहने वाले शान्ति स्वरूप की पुत्री नेहा नगर की राधारानी कॉलोनी में सर्वेश कुमार के मकान में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। वुधवार को वह नगर के खारिजा बाईपास पर एक कोचिंग संचालक के यहां से पढ़ाई कर शाम करीब पांच बजे अपने कमरे पर वापस लौट रही थी कि वह एकाएक गायब हो गई। जव देर तक छात्रा अपने कमरे पर नहीं आई तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में हड़कंप मच गया, कुछ देर बाद ही छात्रा के पिता के मोबाइल पर वाट्सअप मैसेज आया जिसमें 15 लाख रूपए की मांग की गई। रुपए की मांग करते ही पिता को पुत्री के अपहरण होने की सच्चाई सामने आई। आज गुरुवार को घटना की तहरीर पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मामला जनपद पीलीभीत से जुड़ा होने के कारण खासा सुर्खियों में आ गया। जिले के दोनों मंत्रियों जितिन प्रसाद और संजय गंगवार ने घटना को लेकर बरेली के एसएसपी से वात कर छात्रा की तत्काल ही बरामदगी का कहा। दो दो मंत्रियों के हस्तक्षेप पर एसएसपी ने छात्रा की बरामदगी के लिए थाना पुलिस के साथ ही एस ओ जी और क्राइम ब्रांच की टीमों को जुटा दिया। देर शाम तक तीनों टीमें छात्रा की बरामदगी में जुटी रही, लेकिन छात्रा कि बरामदगी नहीं हो सकी थी। इस मामले में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है छात्रा की बरामदगी के लिए टीमें लगाई गई है जल्द ही छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।

## दिसम्बर की जनसुनवाई रैंकिंग में बरेली को प्रदेश में दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**तहसील बहेड़ी अव्वल, नवाबगंज-सदर-फरीदपुर का भी संतोषजनक प्रदर्शन**

**बरेली।** जनपद बरेली ने जनसुनवाई व्यवस्था में निरंतर सुधार करते हुए माह दिसंबर की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि नवंबर माह में प्राप्त चौथी रैंक की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति मानी जा रही है। प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। तहसीलवार रैंकिंग की बात करें तो बरेली जनपद की तहसीलों का प्रदर्शन मिश्रित रहा, हालांकि तहसील बहेड़ी ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त तहसील नवाबगंज, सदर एवं फरीदपुर को संयुक्त रूप से 55वीं रैंक प्राप्त हुई है। तहसील मीरगंज को प्रदेश में 83वां स्थान मिला है, जबकि तहसील आंवला को 147वीं रैंक प्राप्त हुई है।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत करने, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है। इसी का परिणाम है कि जनपद ने प्रदेश स्तर पर अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। जनपद प्रशासन ने सभी तहसीलों को जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा जनता से सीधे संवाद बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी महीनों में बरेली जनपद प्रदेश की शीर्ष रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल कर सके।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हाईवे पर पलटा भूसे से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉला

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना में बड़ा हादसा होने से टला, चालक व परिचालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास भूसे से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉला पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक और परिचालक को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉला में भूसा ओवरलोड था, जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गया। कई वाहन चालक इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रतिबंधित वाहनों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। यह ट्रैक्टर-ट्रॉला हरियाणा से बागपत की ओर आ रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से यातायात व्यवस्था को सामान्य किया। क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉले को सड़क किनारे हटाकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने यातायात नियमों के उल्लंघन और बढ़ते हादसों पर चिंता व्यक्त की। इस संबंध में ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रति. बंधित वाहनों को सड़कों पर चलने नहीं दिया जाएगा और बॉर्डर चौकियों पर भी ऐसी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।







# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव का एक युवक अपने दोस्तो के साथ हरियाणा कोथली देने गया था सुबह साथी उसे मृत हालत में घर पर छोड़ गये। परिजनों ने पुलिस को बुलाया और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौना निवासी 45 वर्षीय शिवशंकर पुत्र रामकुमार अपने साथी विकास पुत्र हेकड़ व ईश्वर पुत्र नत्थू, लीलू पुत्र रामचरण के साथ कोथली देने बुधवार शाम को हरियाणा गये थे, परिजनों ने बताया बुधवार शाम विकास नें बडागांव टोल पर उसे बुलाया था जहा लीलू की बेटी की कोथली लेकर हरियाणा जाना था जिससे लगभग 4 बजें शिव शंकर का भतीजा यश उसे बडागांव टोल छोड़कर आया था जहा से चारो हरियाणा गये थे। परिजनों ने बताया कि गुरूवार सुबह तीन बजे सभी साथी उसे घर छोड़ कर गये और बताया कि वह नशे में है जब उन्होंने देखा तो वह मृत मिला जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पुलिस पहुंची तो परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया जिससे पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस जांच में जुटी है। उधर थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



मृतक का फाइल फोटो

# यमुना नहर में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस कर रही शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र के किशनपुर स्थित यमुना नहर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर रमाला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

पुलिस को सुबह नहर में शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को नहर से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बागपत भेज दिया गया है। रमाला इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नहर में एक युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है और पुलिस मृतक की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।



# नलकूपों पर होती रही चोरी, पुलिस रही सोती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खासपुर गांव के जगंल में अज्ञात चोरो ने 10 नलकूपों पर धावा बोल केवल, स्टार्टर व अन्य समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानो नें थानें में तहरीर दी है।

खासपुर निवासी सजय पुत्र भर्ती ने बताया कि देर शाम वह नलकूप का ताला लगा घर चले आये थे। सुबह जब वह नलकूप पर पहुंचे तो नलकूप में चोरी हुई मिली जहां से केवल स्टार्टर, सहित अन्य समान चोरी हुआ मिला उसने अन्य किसानो को बताया तो पता चला की गांव के ही अशोक पुत्र हुकुम, कूड़े पुत्र धर्मवीर, बाली पुत्र जयप्रकाश, भूरू पुत्र विजय ढिकोली, उदयपाल ढिकोली, कल्लू ढिकोली, रफीक ढिकोली, मंगते ढिकोली के नलकूपों में भी चोरी हुई है। किसानों ने बताया लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि एक चोर गेंग सक्रिय है जो रात में नलकूपों पर स्थान बदल बदल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पीडत किसानो ने थानें में तहरीर देते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है।



## एक नजर

# धर्म अनुभूति को सत्य कहता है, शब्द को नही:महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के अजितनाथ सभागार मंडी में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि आत्मा की सफाई होने के उपरांत, आत्मा के दिव्य आसन में सत्य का देवता विराजमान हो जाता है। धर्म अनुभूति को सत्य कहता है, शब्द को नहीं, सत्य को शब्दों की बोतलों में कैद नहीं किया जा सकता है। शब्दों के माध्यम से जो भी कहा जाता है वह पूर्ण सत्य नहीं होता, क्योंकि शब्द जड़ है, मृत है, सीमित है।सत्य चेतन है, जीवन्त है, असीमित है। फिर भी जब तक व्यक्ति बाह्य सत्य से परिचित नहीं होता, तब तक वह अन्दर के सत्य से परिचय नहीं कर पाता। बाह्य सत्य अक्षरात्मक, गणितात्मक, घटनात्मक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, जातीय, व्यवहारिक, ज्योतिष्क, सैद्धन्ति और आध्यात्मिक होता है। आध्यात्मिक सत्य अनुभूति आत्मक होता है। शब्द को सुनकर, कृत्य को देखकर, सत्य का निर्णय नहीं होता, जैसे चित्र में चित्रित पानी से कभी कागज गीला नहीं होता, उसी प्रकार मात्र वार्ता से कभी सत्य का दर्शन नहीं होता। उन्होंने कहा कि सत्य मिश्री की भॉति है। मिश्री कहीं से भी खायी जाये, मीठा ही स्वाद आता है। सत्य का अनुभव कहीं से भी किया जाये, आनन्द की ही अनुभूति होती है। सत्य न कोई वस्तु है, न कोई सिद्धान्त है। सिद्धान्त को पकड़ने वाला सत्य को नहीं पाता, सिद्धान्त अनुसार चलने वाला सत्य को प्राप्त करता है। सत्य चर्चा का नहीं, चर्या का विषय है। रोगी व्यक्ति औषधि की जानकारी या चर्चा से स्वस्थ नहीं होता, औषधि लेने से स्वस्थ होता है। उसी प्रकार सत्य ज्ञान से नहीं, आचरण से उत्पन्न होता है। सत्य को पाने के लिए स्वयं को मिटाना पड़ता है। बीज मिटता है तभी वृक्ष बनता है। व्यक्ति का अहं मिटता है तभी स्वयं को उपलब्ध होता है। सत्य स्वयं के भीतर है, उसे पाने के लिए ध्यान की गहराई में जाना, परिग्रह एवं परिचय से मुक्त होना परम आवश्यक है। संचालन डा.श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन,मदन लाल जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, विवेक जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, संजय जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित रहे।

# अनंत दांगी, मानसी व शुभम ने किया गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र में लुहारी गांव के अनंत दांगी कुमारी मानसी व शुभम कुमार ने नेशनल बीच ग्रेप. लिंग कुश्ती विशाखापट्टनम में प्रतियोगिता खेलते हुए तीनों बच्चों ने जनपद बागपत का इतिहास रच कर विशाखापट्टनम नेशनल बीच ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता जीतकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इन तीनों बच्चों के मान सम्मान में गांव के सम्मानित लोगों ने इनका भव्य स्वागत किया है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद तीनों बच्चे नगर के कोताना रोड नहर पुल पर पहुंचे जिसमें खुशी जताते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी कपिल प्रधान के नेतृत्व में ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ौत नगर में पहुंचे जहां उन्होंने अनंत दांगी लुहारी मानसी दांगी व शुभम दांगी को फूलों की मालाओं से लाद दिया और उनका भव्य स्वागत करते हुए गांव में लेकर पहुंचे जहां ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और ग्राम प्रधान कपिल पहलवान लुहारी की दादी सोना देवी ने तीनों बच्चों को ग्यारह ग्यारह शो रुपए की माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली का काफिला गांव में घूमता हुआ शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचा तीनों पहलवान ने शहीद भगत सिंह की मूर्ति को माल्यार्पण किया। इसके बाद शहीद भगत सिंह समिति के द्वारा तीनों बच्चों को बादाम भेंट किए गए व हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने तीनों बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में बोलते हुए तीनों पहलवानों ने कहां की जिस तरह गांव वालों ने हमारा हौसला बढ़ाया है हम गांव व जिले का नाम ही नहीं बल्कि देश का नाम भी रोशन करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान कपिल दांगी लुहारी संजीव दांगी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव भारतीय किसान यूनियन प्रधान मास्टर संजीव कुमार चंद्रपाल हवलदार सुधीर डिलर हरेंद्र दागी ओमप्रकाश मांगेराम राजवीर रामपाल सिंह रणधीर सिंह देशपाल सोमपाल अनिल कुमार नंदू पहलवान ब्रह्मपाल कोच जयपाल सिंह तेजवीर सिंह देवेंद्र सिंह राजपाल सिंह सुमित दांगी के अलावा काफी संख्या में लोगों ने कुश्ती प्रतियोगिता जीत कर आने वाले छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया।



# व्यक्ति पर घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के गांव तुगाना में एक घटना सामने आई। तुगाना गांव निवासी इस्लाम पुत्र रमजानी, जो कि चौकीदार के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट करने और परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, जिससे पीड़ित डरा हुआ है।

पीड़ित इस्लाम के अनुसार 7 जनवरी 2026 की शाम करीब पांच बजे वह थाना से डयूटी कर अपने घर पहुंचे थे। उसी समय गांव का ही व्यक्ति उनके घर के दरवाजे पर पहुंचा और लात-घूंसे मारकर दरवाजा तोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी ने इस्लाम पर जान से मारने की नीयत से हमला किया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के दौरान जब इस्लाम की पत्नी बीच-बचाव के लिए आई तो आरोपी ने उसे भी धक्का देकर पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके बेटे की पत्नी ने भी उन्हें बचाने की कोशिश की, जिसे आरा. ेपी ने लात मारकर जमीन पर गिरा दिया। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिवार को बचाया। आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। छपरौली पुलिस का इस मामले में प कहना है कि दोनो पक्षो का पैसे लेन देन का मामला है। दोनो ओर से तहरीर आई हुई है। जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध गति. विधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 45 पाउच अवैध देशी शराब बरामद की गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग के दौरान की गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से 45 पाउच अवैध देशी शराब यूपी मार्का बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अर्जुन पुत्र विजेंद्र, निवासी फैजपुर निनाना बताया। आरोपी के पास शराब रखने या बेचने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



# दो बेटियों ने नेशनल बीच रैसलिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मैडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित रामकृष्ण बीच पर आयोजित नेशनल बीच रैसलिंग चैंपियनशिप 2026 में मलकपुर गाँव की दो पहलवान बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। नगर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने खिलाड़ियों का किया स्वागत। सुशील शर्मा की बेटियाँ पहलवान शिवानी ने 49 किलो वर्ग में और हिमानी ने 48 किलो वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल किया। इन बेटियों ने अपने गाँव, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप के बाद जब दोनों खिलाड़ी कल बडौत पहुँचीं तो उनका सर्व समाज की ओर से जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम जिलाध्यक्ष पंडित विजयपाल शर्मा के कोताना रोड, बड़ौत स्थित आवास पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख व्यक्तियों में विश्व हिंदू परिषद वरिष्ठ नेता संजय सैन, श्याम सिंह चौधरी, पंडित हरीभजन शर्मा, पंडित रविन्द्र भारद्वाज प्रदीप शर्मा, आशु शर्मा, सुनील शर्मा, शिवम शर्मा, सुभाष प्रजापत, राजेंद्र प्रजापत, लोकेंद्र मान सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल रहे। सभी गणमान्यजनों ने दोनों बेटियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।



# चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने नगर में अलाव जलवाकर राहगीरों व नगर के लोगो को दी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खुर्जा।** नगर पालिका के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने नगर मे सर्दी से बचने के लिए लकड़ी के अलाव जलवा कर राहगीरों व नगर के लोगो को दी राहत नगर में सर्द रात में ठंड बढ़ती ही जा रही है वह शाम होते ही कोहरा भी दिखाई दे रहा है पालिका अधिशासी अधिकारी ने नगर मुख्य चौराहे व सार्वजनिक स्थान जैसे नेहरू की चुंगी बस स्टैंड बड़ा मंदिर का चौराहा दाता राम चौराहा पदम सिंह गेट बिन्दा वाला चौक कबाड़ी वाला चौक अस्पताल रोड पदम की पुलिया बस स्टैंड के आदि के स्थान पर लकड़ी के अलाव जलवाने की व्यवस्था की है इस अलाव से नगर के लोगों को बड़ी राहत मिली है वह चलते-फिरते राहगीरों को भी राहत मिली है इस अलाव से ठिटरन भरी ठण्ड मे नगरवासियो को बड़ी राहत मिली।

# जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में राष्ट्रीय लोकदल के छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने तहसील परिसर के हाल में शिविर लगाकर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये। कंबल लेने वाले लोगों की भारी संख्या में भेड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने कहा कि जगह-जगह जरूरतमंदो को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है। अधिक सर्दी को देखते हुए जरूरतमंदो को कंबलो का वितरण किया गया।

इस मौके पर एसडीएम भावना सिंह हर्ष चावला नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी के अलावा तहसील के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की नगर निकायों में होने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल नगर निकायों को आकर्षक, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने के लिए संकल्पित हैं। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर निकाय क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाए जाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों में होने वाले सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के हों तथा उनकी थर्ड पार्टी जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। 15वें वित्त आयोग सहित विभिन्न योजनाओं से प्राप्त धनराशि का समुचित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि हाथ ठेला अव्यवस्था किसी भी दशा में न दिखाई दे। इसके लिए नगर निकाय नियमित प्रवर्तन एवं निगरानी करें। पार्कों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण प्राथमिकता पर कराया जाए। बड़ौत स्थित पार्क में संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, चरखा एवं अन्य सौंदर्यपरक संरचनाओं को आकर्षक ढंग से स्थापित कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बड़ौत विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत व्यावहारिक रूप से कार्य कराए जाने पर जोर दिया। इसके लिए नगर पालिका के सहयोग से विद्यालय परिसरों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुकृढ़ करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों की पानी की टंकियों की नियमित स्फाई, पेयजल की गुणवत्ता जांच तथा स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एमआरएफ मशीनें पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाया जाए।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सघन रात्रिकालीन जांच अभियान में 1183वाहनों की जांच, 27 वाहनों का चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग की गति. विधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत निरंतर एवं सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

जनपद की समस्त तहसीलों में प्रमुख मार्गों, मुख्य चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर कुल 10 चेक-प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक विशेष रात्रिकालीन जांच अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान में प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वित रूप से कार्रवाई की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 1183 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के उपरांत नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खनिज विभाग एवं ए।आर।टी।ओ। द्वारा 27 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।



जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग अथवा बिना अनुमति उप-खनिज परिवहन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के रात्रिकालीन एवं दिवसीय जांच अभियान आगे भी और अधिक सघनता के साथ निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर पूर्णतः अंकुश लग सके।

# तेज रफ्तार ट्रक बाईपास से नीचे गिरा, चालक फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक।** नगर के बरेली.रामपुर हाईवे बाईपास पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराता हुआ सड़क से नीचे जा गिरा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया, जबकि कंडक्टर सुरक्षित मौके पर मिल गया। मौके पर मौजूद कंडक्टर संदीप, निवासी पटियाला द्धगुरु नानक नगरऋ ने बताया कि वह ट्रक लेकर दुर्गापुर द्धपश्चिम बंगालऋ से कुरुक्षेत्र जा रहे थे। ट्रक चालक सुख, निवासी पटियाला, को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया।



हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने कंडक्टर से पूछताछ

# रालोद प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से की मुलाकात उत्पीड़न का मामला उठाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू तहसील सदर पहुंचे और एसडीएम सदर गौरव से मुलाकात की। उन्होंने सनईया जट निवासी समद खान की आबादी की भूमि को लेकर ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल द्वारा तीनों भाइयों को कथित रूप से परेशान किए जाने का मामला प्रमुखता से उठाया। शिकायत मिलने पर रालोद का एक प्रतिनिधिमंडल तत्काल एसडीएम सदर से मिला और पूरे प्रकरण की जानकारी दी। एसडीएम सदर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि किसी भी गरीब का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और प्रकरण की जांच के लिए संबंधित कागजात तुरंत मंगवाए गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल हमेशा गरीब, मजदूर और किसानों के हितों के लिए आगे रहा है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय महासचिव शबाब खान, मुनाजिर हुसैन, महफूज खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 30 दिवसीय रेफ्रिजरेटर एवं एयर कण्डीशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, रामपुर में आयोजित 30 दिवसीय रेफ्जिरेटर एवं एयर कंडीशनर द्धआरएसीऋ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आरसेटी निदेशक देशराज मीणा, फैकल्टी सर्वेश कुमार एवं आरसेटी स्टाफ की गरिमामई उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का सदुपयोग करते हुए प्रशिक्षणार्थी शीघ्र ही अपना स्वयं का कार्यध्दुकान प्रारंभ करें, आजीविका अर्जित करें तथा समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आत्मनिर्भर बनते हुए दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत द्धरोल मॉडलऋ बनने का आहवान किया।



कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए फैकल्टी सर्वेश कुमार ने बताया कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, समय प्रबंधन, मार्केट प्रबंधन एवं तकनीकी दक्षता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# नगर में आवारा कुत्तों से बढ़ी चिंता 6 वर्षीय बालक पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा।** नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। गुरुवार को हुई एक घटना ने इस समस्या की गंभीरता को एक बार फिर उजागर कर दिया।

नगर के मोहल्ला राहूपुरा निवासी 6 वर्षीय बालक मोहम्मद साद, पुत्र मोहम्मद नदीम, पर रास्ते में अचानक एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए ले जाया गया।

घटना के बाद नगर में भय और असुरक्षा की भावना देखी जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि इस दिशा में आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। नगरवासियों का मानना है कि यदि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, नसबंदी तथा नियंत्रण को लेकर योजनाबद्ध कार्रवाई की जाए, तो भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सकता है। नागरिकों को आशा है कि संबंधित विभाग जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित कदम उठाएगा।



# जनता दर्शन में दिव्यांगजनों को मिली सौगात

■ डीएम ने ट्राईसाइकिल प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया कदम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने तहसील स्वार के ग्राम पंचायत मानुल्लापुर निवासी दिव्यांगजनों वृद्धसेन एवं दिव्यांग ममता को ट्राईसाइकिल प्रदान की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र दिव्यांग व्यक्ति सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों से जुड़ी सभी कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने जनता दर्शन के दौरान प्राप्त अन्य जनसमस्याओं को भी गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।



# भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी और प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का परिवार है : हरीश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी रहे डॉक्टर तनवीर के आवास पर पहुंचे और उनके परिवार से मिलकर शोक प्रकट किया। 6 जनवरी मंगलवार के दिन डॉक्टर तनवीर की माता जी का इंतकाल हो गया था और 8 जनवरी बृहस्पति के दिन उनके तीजे की रस्म थी, जिस पर जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार आपने पार्टी के पदाधिकारी के साथ उनके आवास पर पहुंचे।

रामपुर नगर से निकाल कर रामपुर जनपद की चमरौआ विधानसभा के ग्राम हरदासपुर कोटरा पहुंचे, 6 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे मलखान सिंह सैनी, जिनका हाल ही में स्वास्थ्य खराब होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया था, उनके आवास पर पहुंचकर उनके परिवार से भेंट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



हरीश गंगवार ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का प्रत्एक पदाधिकारी और प्रत्एक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का परिवार है और भारतीय जनता पार्टी अपने परिवार के प्रत्एक सदस्य के साथ सदैव उसके सुख-दुख में खड़ी है।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के साथ जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगपाल सिंह यादव, महेश मौर्या, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, विकास दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, शिवम कुक्कू अरोरा, सरदार विक्रम सिंह, योगेंद्र गंगवार, सरदार सुकदेव चीमा, भव्य उप्पल, राजू सुमन, अन्नू सक्सेना, विवेक रुहेला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। दीपा सिंह के दिशा-निर्देशन में जनपद में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ। शहजाद हसन खान द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, गंभीर बीमारियों, आर्थिक क्षति तथा समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।डॉ। शहजाद हसन खान ने नशे से पीड़ित व्यक्तियों के समुचित उपचार, परामर्श तथा उनके साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि सही मार्गदर्शन और उपचार से नशे की लत से बाहर निकला जा सकता है।



यह जागरूकता कार्यक्रम स्वार ब्लॉक के ग्राम दूंदावाला, ग्राम छपर्रा एवं जिला चिकित्सालय में आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय लोगों एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक सोच और व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।

# नवाब स्टेशन की भूमि पर पार्क निर्माण को लेकर ईओ पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का आरोप

## अंतिम शासक नवाब रजा अली खां की बेटी द्वारा नगर पालिका ईओ के खिलाफ न्यायालय में वाद दाखिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अंतिम शासक नवाब रजा अली खां की 87 वर्षीय बेटी नवाबजादी नाहीद लका बेगम ने सिविल जज न्यायालय में रामपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ वाद दाखिल कर किया है। उन्होंने नवाब स्टेशन की भूमि पर पार्क निर्माण को लेकर नगर पालिका के ईओ पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया है और न्यायालय से पालिका के इस अवैध कब्जे को हटवाए जाने की मांग की है।

नवाबजादी नाहीद लका बेगम ने सिविल जज के न्यायालय में दाखिल वाद में कहा है कि वो अंतिम शासक नवाब रजा अली खां की वारिस हैं। 15 मई 1949 को अंतिम शासक और गवर्नर जनरल ऑफ इंडिया वीपी मेनन के बीच हुए मर्जर एग्रीमेंट के प्राविधानों के तहत नवाब रजा अली खां को अनेक चल और अचल सम्पत्तियां धारित की गईं।

उन्होंने अपने वाद में कहा है कि अंतिम शासक के वारिसाना में सम्पत्ति के विभाजन का मुकदमा 1972 से चला। यह विभाजन वाद वर्तमान समय में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। उक्त वाद में अंतिम आज्ञाप्ति 31 जुलाई 2019 को निर्गत हुई है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंटवारा तलब सम्पत्तियों का विवरण तैयार करने हेतु पत्रावली जिला जज रामपुर को भेजी। इस कार्यवाही में नवाब खानदान की अचल सम्पत्तियों में एक सम्पत्ति नवाब स्टेशन भी है। इसका क्षेत्रफल 1।898 हेक्टेयर है। उक्त सम्पत्ति में सभी वरिसान हकदार हैं।



उनका कहना है कि नवाब स्टेशन की बाबत जिला जज द्वारा एक कमीशन भी अधिवक्ता कमीशन के माध्यम से कराया गया था, जिसकी आख्या 25 सितंबर 2020 को न्यायालय में प्रस्तुत की गई। उत्तरी दिशा में नवाब स्टेशन की भूमि के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 24 स्थित है। नवाब स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि के बीच कोई शासकीय भूमि अथवा नगर पालिका परिषद की कोई भूमि अथवा पार्क नहीं है। उत्तरी ओर नाली गाटा संख्या 59द्2 अवस्थित रही है, जिसके उपरांत राष्ट्रीय राजमार्ग है। नगरपालिका परिषद रामपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा कथित पार्क के निर्माण में उक्त नाली को भी शामिल कर लिया है, जिससे विवादित सम्पत्ति का पानी का ड्रेन पूरी तरह से बंद हो गया है। रेलवे के पानी की निकासी भी बंद हुई है।

वाद में कहा है कि नबाब स्टेशन की उक्त विवादित सम्पत्ति का उपरोक्त स्वरूप में ही उच्चतम न्यायालय के सम्मुख विभाजन होना है, जिसके लिए अन्तिम डिक्री निर्गत भी हो चुकी है।

वाद में कहा गया है कि आश्चर्यजनक रूप से नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा नबाब स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटवाने के उपरान्त नबाब स्टेशन की उत्तर व पश्चिम में स्थित एक बड़ी भूमि जिसे वादपत्र के साथ संलग्न नक्शा नजरी में दिखाया गया है पर हदबन्दी कर दी व इस सम्बन्ध में आपत्ति करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह भूमि नबाब स्टेशन की भूमि नहीं है वरन् रामपुर पार्क की भूमि है तथा वे इस भूमि को पार्क के रूप मे ही डवलप करेगें। उक्त कृत्य से नबाब स्टेशन को जाने वाला मार्ग समाप्त प्राय हो गया और नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से नबाब स्टेशन जाने हेतु एक सकरा सा रास्ता छोड़ा गया।

नवाब स्टेशन का कुल क्षेत्रफल 16993।23 स्क्वायर यार्ड है, जिसमें से 8390।36 वर्ग भूमि पर नगरपालिका द्वारा जबरिया पार्क का निर्माण कर दिया गया है। उक्त सम्पत्ति नबाब स्टेशन के स्वरूप को परिवर्तित करके उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना व अवमानना करने का अक्षम्य कार्य किया गया है।



नवाबजादी नाहीद लका बेगम
अंतिम शासक की बेटी

उक्त कृत्य से सम्पत्ति का फ्न्ट पूर्णतः समाप्त हो गया और उक्त नबाब स्टेशन पर आने जाने का मार्ग भी अत्यन्त सकरा और बाधित हो गया। विवादित सम्पत्ति नबाब स्टेशन के एक भाग मे ऐतिहासिक महत्व का एक भवन बना हुआ है। यह भवन जनपद रामपुर में आने वाले पर्यटकों के लिए आर्कषण का केन्द्र रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त भवन के दक्षिण मे रामपुर के नबाब साहब की व्यक्तिगत रेल लाईन है जिसमें उनके शाही कोच द्धसैलूनऋ आज भी खड़े हैं, जिन्हें देखने हेतु काफी संख्या मे पर्यटक हमेशा से आते रहे हैं। परन्तु अब मौके पर प्रतिवादी द्वारा जबरिया करवा दिए गए पार्क के निर्माण से नबाब स्टेशन का पर्यटन महत्व समाप्त हो गया है।

मौके पर अभिलेखों में कभी भी उक्त स्थान पर कोई पार्क अस्तित्व मे नहीं रहा है।

वाद में कहा गया है कि विवादित सम्पत्ति का मौके के अनुसार कुल क्षेत्रफल 16993।23 स्क्वायर यार्ड है, जिसमें से 8390।36 वर्ग भूमि पर नगरपालिका द्वारा जबरिया पार्क का निर्माण कर दिया गया है। उक्त सम्पत्ति नबाब स्टेशन के स्वरूप को परिवर्तित करके उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना व अवमानना करने का अक्षम्य कार्य किया गया है।

उन्होंने न्यायालय से मांग की है की नगरपालिका परिषद को आदेशित किया जाए कि विवादित सम्पत्ति के भू-भाग से पार्क की संरचना को अपने व्यय पर हटाकर उसे पूर्व के रूप मे कर दें और यदि नगरपालिका ऐसा करने में असफल रहे तो न्यायालय अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस कार्य को प्रतिवादी के व्यय पर स्वयं करवा दें।

### कोर्ट से नोटिस जारी, 13 जनवरी को होगी सुनवाई

नवाबजादी नाहीद लका बेगम द्वारा वाद दायर किए जाने के बाद सिविल जज सीनियर डिविजन की ओर से सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किए गए हैं। विभाजन का मुकदमा लड़ रहीं तलत फातिमा हसन समेत कई अन्य पक्षकारों को भी नोटिस मिल गए हैं। नवाबजादी नाहीद लका बेगम के अनुसार इस मामले की सुनवाई 13 जनवरी 2026 को होगी।

# सैफनी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीटिंग कर पार्टी के अनेक मुद्दों पर की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर में गुरुवार को बड़ी बाजार के सामने योगेश कुमार शर्मा की दुकान के सामने भारतीय जनता पार्टी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने पार्टी के अनेक मुद्दों पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निष्पक्ष होकर सभी के साथ एक समान कार्य को लेकर चल रही है। किसी के साथ कोई भी भेद भाव नहीं करती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुनील कुमार लोधी, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष भाजपा कांता प्रसाद लोधी,राकेश कुमार जोशी, राजू शर्मा पधान अमीन आदि लोग उपस्थित रहे।



# हाईवे की एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के कर्मचारियों को लिफ्ट एंड शिफ्ट तकनीकि में किया दक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** कोयला हाईवे टोल प्लाजा के आइएमएस स्टाफ को प्रबंधन और चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एचएलएल एवं एचएलएफपीपीटी के मास्टर ट्रेनरों ने कार्य क्षमता वर्धन में शलिफ्ट एंड शिफ्टश तकनीक को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए मॉक ड्रिल कराते हुए मास्टर ट्रेनर एवं मनोचिकित्सक डा। कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य घायलों को बिना किसी अतिरिक्त चोट द्धजैसे स्पाइनल इंजरीऋ के सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना या फिर नजदीकि अस्पताल पहुंचाना है। कहा कि घायलों को सुरक्षित स्थानांतरण के दौरान घायलों को उठाते समय उनकी रीढ़ की हड्डी और गर्दन को स्थिर रखने के लिए शलॉग रोलश और शलिफ्ट एंड शिफ्टश विधियों में अभ्यस्त रहना जरूरी है। इसके लिए नियमित अंतराल पर अभ्यास करना जरूरी है। स्ट्रेचर, स्पाइन बोर्ड और तात्कालिक संसाधनों द्धजैसे कंबल या लाठीऋ का सही उपयोग करना इस प्रशिक्षण का हिस्सा है। डा।चौहान ने कहा कि गोल्डन ऑवर का महत्व तभी सार्थक है जबकि त्वरित और कुशल शिफ्टिंग से घायल को शगोल्डन ऑवरश द्धदुर्घटना के बाद का पहला घंटाऋ के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए, जिससे जीवित रहने की संभावना बनी रहे।



प्रशिक्षक शबाना ने कहा कि टीम वर्क तकनीक सिखाती है कि कैसे 3-4 लोग मिलकर एक तालमेल के साथ घायल व्यक्ति का भार उठाएं ताकि बचावकर्ता और पीड़ित दोनों सुरक्षित रहें। इस दौरान टोल प्रबंधक महेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# रामपुर रजा पुस्तकालय में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गरिमामय संगोष्ठी एवं गुरबाणी कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जयंती द्धप्रकाश पर्वऋ के पावन अवसर पर रंग महल सभागार में विशेष संगोष्ठी एवं गुरबाणी शबद-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ। पुष्कर मिश्र ने की, जबकि मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख रहे।



डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, बलिदान, धर्म, मानवता और सामाजिक समरसता के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और राष्ट्र-चेतना का महान प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि जयंती मनाने का उद्देश्य महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण को परिष्कृत करना है। साथ ही सिख पंथ के गौरवशाली इतिहास और बलिदानों को मानवता की अमूल्य धरोहर बताया।

मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी और गुरु तेग बहादुर जी का त्याग और साहस आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी का उल्लेख करते हुए सिख गुरुओं के बलिदान को राष्ट्र और मानवता के लिए अद्वितीय बताया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्मल सिंह कंग, चरनजीत सिंह द्धवंशज, भाई मतीदासऋ, मंदीप कौर, सतनाम सिंह मट्टू, सरदार दर्शन सिंह खुराना एवं शिवांजलि के। बरार उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों, खालसा पंथ की स्थापना, समानता, साहस और मानवता के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ज्ञानी सुरजीत सिंह जी द्वारा गुरबाणी द्धशबद-कीर्तनऋ का भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया गया, जिससे सभागार में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध कवि डॉ। राहुल अवस्थी ने किया।

कार्यक्रम में विद्वानों, शोधकर्ताओं, समाजसेवियों एवं नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मिलक में टायर फैक्ट्री में भीषण धमाका, चार मजदूर झुलसे

**■ गैस कंप्रेसर फटने से मची अफरा-तफरी, सभी घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ऐनजखेड़ा गांव स्थित एक टायर बनाने की फैक्ट्री में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक गैस कंप्रेसर फट गया। जोरदार धमाके के साथ लगी आग में चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन में नगर के सरक.ारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान श्याम द्ध18ऋ निवासी दीनपुर, थाना शहजादनगर, बुद्धसेन द्ध27ऋ निवासी अलीगंज, बरेली, सिल्लू द्ध38ऋ निवासी अलीगंज, जिला बरेली और कल्लू द्ध32ऋ निवासी कासगंज के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि वे सभी फैक्ट्री में टायर निर्माण का काम कर



रहे थे, तभी गैस कंप्रेसर में अचानक विस्फोट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की और बताया कि फैक्ट्री के कागजातों की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से फैक्ट्री प्रबंधन में अफरा-तफरी का माहौल है, जबकि सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## डीएम ने बालिका के उपचार हेतु चाइल्ड केयर फण्ड से रूपये 1.25 लाख की धनराशि का चेक किया प्रदान

**■ जनसुनवाई में बीमार बालिका के उपचार को मिली आर्थिक संजीवनी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता दर्शन के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं को न केवल गंभीरता से सुना जा रहा है, बल्कि उन्हें योजनाओं का वास्तविक लाभ भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान तहसील मिलक अंतर्गत पटवाई रोड, अस्दुलापुर निवासी चांदनी गुप्ता पत्नी सौरभ गुप्ता अपनी पुत्री को साथ लेकर जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने अपनी पुत्री धुरवी गुप्ता द्धआयु लगभग 09 वर्षऋ की गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

चांदनी गुप्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उनकी पुत्री बचपन से ही गंभीर बीमारी से ग्रसित है।

पूर्व में बालिका का ऑपरेशन मेडीएशिया हॉस्पिटल, मुरादाबाद में कराया गया था, जो सफल नहीं हो सका। पुनः उपचारध्ऑपरेशन हेतु अस्पताल द्वारा लगभग रूपये 1।25 लाख का अनुमानित व्यय बताया गया है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने बालिका के शीघ्र एवं समुचित उपचार को .ष्टिगत रखते हुए ह्चाइल्ड केयर एण्ड प्रोटेक्शन फण्डह्व से रूपये 1।25 लाख की धनराशि का चेक उनके परिजनों को प्रदान किया।

# बसपा की बैठक में मायावती के जन्मदिन को ऐतिहासिक रूप से मनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर।** गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक हाजी जुल्फिकार अली साहब के आवास, मोहल्ला शनिवार की बाजार, बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने कहा कि 15 जनवरी को बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन मंडल स्तर पर मुरादाबाद स्थित अंबेडकर पार्क मैदान में सुबह 11 बजे से बड़े ही धूमधाम और ऐतिहा.सिक रूप से मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर की प्रत्एक विधानसभा क्षेत्र से बसों द्वारा



कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि अन्य कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों से भी पहुंचेंगे। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी और बहन कुमारी मायावती पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में मतदाता सूची का गहन निरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है, इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बीएलओ के संपर्क में रहकर यह कार्य समय से पूरा करें। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भीषण ठंड के बावजूद गरीबों के लिए कंबल वितरण और अलाव की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। जबकि बसपा सरकार में प्रत्एक योजना का क्रियान्वयन ईमानदारी और प्रभावी ढंग से किया जाता था।

बैठक में इसरार अली एडवोकेट, रमेश वास्तव, महेंद्र सिंह सागर, किशोरी लाल प्रजापति, महमूद ठेकेदार, सोनू सागर, भगवान दास गौतम, अंकित सागर, गौरव कुमार, राम किशोर, सर्वेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस रामपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर के तीन बत्ती चौराहे पर टी।एस।आई। अजय पाल तेवतिया के द्वारा दुर्घटनाओं की संभावना कम करने के उद्देश्य से अभियान के दौरान वाहनों पर फॉग रिफ्लेक्टर लगाए गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, ओवरलोडिंग व ओवरस्पीडिंग से बचने तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया गया इस अवसर पर टी।एस।आई। अजय पाल तेवतिया ट्रैफिक कांस्टेबल नितिन चौधरी होमगार्ड पाल आदि रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत विधानसभा क्षेत्र 37 रामपुर में बी.एल.ओ. व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर ने गौरव कुमार ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु प्रभावी रणनीति बनाए जाने के क्रम में दिनांक 08 जनवरी 2026 को खुशबू गार्डन, पक्षी विहार में विधानसभा क्षेत्र 37 रामपुर के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में ऐसे मतदाताओं के मामलों में, जिन्होंने अपने गणना प्रपत्र में स्वयं अथवा अपने संबंधी का वर्ष 2003 की मतदाता सूची का विवरण उपलब्ध नहीं कराया है, नोटिस निर्गत करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानक.ारी दी गई। साथ ही नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म-6, नाम विला.ेपन हेतु फार्म-7, विवरण संशोधन हेतु फार्म-8 तथा प्रवासी मतदाताओं द्वारा फार्म-6 भरने की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



उक्त प्रशिक्षण विधानसभा 37 रामपुर तहसीलदार सदर, संबंधित एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## पुलिस ने पांच नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम मित्तरपुर निवासी निसार बेग पुत्र छोटे बेग ने कोतवाली में तहरीर देकर सिरौली निवासी 5 नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। निसार के अनुसार उनकी एक बस सिरौली से दिल्ली चलती थी सिरौली के रहने वाले रहबर, गोहर, इमरान, कामरान, नन्हू व एक अज्ञात लोग आए दिन उसे परेशान करते थे और 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी बस में से मांगते थे। आरोप है कि निसार वेग ने तंग आकर अपनी बस बिलारी निवासी कपिल चौधरी को आठ माह पूर्व बेच दी थी, परंतु उपरोक्त सभी लोग उसे दोबारा बस वापस लेने और उसमें उन सभी की 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने को लेकर तंग करते रहते हैं और ऐसा न करने पर मुझे व मेरे बेटे को जान से मारने की भी धमकी देते रहते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रहबर, गोहर, इमरान, कामरान, नन्हू व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बीएलओ पर वोट बढ़ाने वाले फार्मों पर लगाया आरोप, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरकला निवासी रामस्वरूप पुत्र सेवाराम ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि बोट बढ़ाने वाले फार्म 90 दिए थे। जिसमें हमारे द्वारा दिए गए फॉर्म को हटा दिया ओर अन्य प्रत्याशी के फार्म लगा दिए।



इस प्रकार काटने वाले फार्म 142 जमा करे लेकिन जिसमें जांच में मात्र 60 फार्म शामिल किए उक्त पंचायत पर बी एल ओ द्वारा दूसरे प्रत्याशी की साजिश चल रही है जोकि दूसरे प्रत्याशी की भांति कार्य कर रहा है जिसमें गांव के लोग आगामी चुनाव करने को मजबूर न हो उक्त बी एल ओ हिमांशु गौड़ पर ग्रामीणों को धोखा देने का आरोप लगाया उपरोक्त ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर उक्त फार्मों की सही जांच कर बी एल ओ के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की लगाई गुहार।

## मारपीट करने के आरोप मे तीन यवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर निवासी यूवक ने मोहल्ले के ही तीन युवको के खिलाफ उसके साथ मारपीट करने के आरोप मे कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर निवासी शोफयान ने खोतवाली पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि वह अपने घर के पास बच्चो के साथ जियारत पर बैठा था कि तभी इमरान वहां पर आया और गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा जब उसने ने गाली देने का विरोध किया तब यह मारपीट करने लगा। जियारत पर शोर गुल होता देखकर इसके भाई नाजिम व दिलशाद भी वहा पर आ गए यह तीनों भाइयों मेरे साथ मारपीट करने लगे। इन युवकों के हाथों मे धारदार हत्यार थे वहा पर खड़े मौजूद लोगो ने बीच बचाव कराया तब यह युवक जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। यह युवक दबंग किस्म के लोग है। आए दिन मोहल्ले मे लड़ना झगड़ना इन युवकों का पेशा बन गया है शोफयान ने इमरान दिलशाद नाजिम पुत्रगण मुन्ना के खिलाफ उसके साथ मारपीट करने की कोतवाली स्वार मे रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## आसपा से छात्र नेता खालिद लड़ सकते हैं जिला पंचायत चुनाव

**■ छह साल से लोगों के बीच रहकर कर रहे हैं सेवा**
**■ वार्ड 20 से पार्टी दे सकती है टिकट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन मेरठ के छात्र संघ अध्यक्ष खालिद डुंगरावली ने जिला पंचायत का चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। बतादें कि खालिद डुंगरावली पिछले छह साल से लगातार आजाद समाज पार्टी में कार्य कर रहे हैं। छात्र अध्यक्ष खालिद डुंगरावली का कहना कि युवाओं को मौका मिलना चाहिए और उन्हें आगे आकर समाज के लिए काम करना चाहिए जिससे नई युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। वहीं खालिद का कहना है की अगर वार्ड 20 की जानता ने मौका दिया तो जिला पंचायत के हर एक गांव में छात्रों के लिए लाइब्रेरी देने का काम करेंगे।

बतादें कि खालिद बचपन से ही होनहार छवि के रहे हैं। साथ के लोग बताते हैं कि उत्पीड़न को देखकर वह



खालिद डुंगरावली।

हमेशा पीड़ित की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं। छात्र राजनीति में उन्होंने थोड़े ही समय में अच्छा स्थान प्राप्त किया है। खुद पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर भी उनके कार्यो की सराहना कर चुके हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी की कोर कमेटी ही उन्हे उनकी जुझारू छवि को देखते हुए मेरठ की जिला पंचायत की वार्ड-20 से पार्टी की उम्मीदवारी देने पर विचार कर रही है। उनकी उम्मीदवारी से लोगों में उत्साह है।

# एसएसपी ने 11 पुलिसकर्मी इधर से उधर किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी विपिन ताडा ने ग्यारह पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी विपिन ताडा ने जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किये है। जिसमें संवेदनशील इलाकों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और कुछ पुलिस कर्मियों को अन्य थानों व इकाइयों में स्थानांतरित किया गया है। तबादला सूची के अनुसार, थाना जानी में तैनात उप-निरीक्षक बृजवीर सिंह को अब एसपी देहात का वाचक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में एसओजी नगर में कार्यरत आरक्षी पंकज को एसओजी ग्रामीण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को गति मिलेगी और अपराधों पर अंकुश लगाया जाए। थाना लिसाड़ी गेट से पांच पुलिसकर्मियों को हटाया गया जिसमें आरक्षी मानवेन्द्र को थाना बहसूमा, संदीप खारी को थाना मुंडाली, अमित कुमार को थाना हस्तिनापुर और राजकुमार को थाना खरखौदा भेजा गया। लिसाड़ी गेट थाने में तैनात चालक राजीव त्यागी को डायल 112 में नई तैनाती दी गई है। इसके अतिरिक्त, स्वाट टीम देहात के मुख्य आरक्षी अरुण और अनिल चौधरी को क्यूआरटी क्विक रिस्पॉन्स टीम में स्थानांतरित किया गया। थाना टीपी नगर से मुख्य आरक्षी मोहित पंवार को थाना बहसूमा भेजा गया। एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि ये तबादले पूरी तरह से प्रशासनिक दृष्टिकोण से किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना और पुलिसिंग को और बेहतर बनाना है। इन बदलावों से आमजन को कानून-व्यवस्था में और सुधार की उम्मीद है जिससे अपराधियों और अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा।

## 10 वीं स्टेट कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का उद्घाटन



**मेरठ।** डेकोरेटर्स समानन्य समिति पश्चिम बंगाल द्वारा जिला ताकि में आयोजित 10वी स्टेट कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का उद्घाटन आल इंडिया टेंट डीलर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष विपुल सिंघल, सीनियर वाइस चेयरमैन नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष निरंजन गुप्ता, पश्चिम बंगाल के मुख्य सलाहकार प्रदीप सोनकर, अध्यक्ष अशोक पाल, संयुक्त सचिव प्रदीप घोष, नित्यानंद घोष, कोषाध्यक्ष मोहन शील तथा कार्यकारी सचिव चंचल दास द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डेकोरेटर्स समानन्य समिति पश्चिम बंगाल की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल सिंघल ने संस्था महासचिव सरदार करतार सिंह कोच्चर द्वारा लिखित जी एस टी, एम एस एम ई, ई वे बिल, भुगतान व अन्य विषयों पर सभी टेंट व्यवसायियों को जानकारी देते हुए जागरूक किया। टेंट व्यवसायियों पर जीएसटी की दरों को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की केंद्र सरकार से मांग की। टेंट व्यवसायियों की गाड़ियों को नो एंट्री की छूट तथा सरकारी कार्यों जैसे चुनाव के बिलों के भुगतान को तत्काल किए जाने के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार से मांग की। इस मौके पर 1500 से अधिक टेंट व्यवसाई मौजूद रहे।

## सुभारती क्षेत्र में पुलिस फोर्स तैनात, होटल का विवाद आया सामने




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी करीब तीन दिन पूर्व जानी थाना क्षेत्र में बागपत बाईपास स्थित एक होटल पर फायरिंग व रंगदारी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

जिसमें 10 लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था और दो नेताओं के बीच इस घटना का मामला सामने आया था और दिसंबर के महीने में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ था इसी के चलते जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र पुलिस फोर्स के साथ सुभारती बाईपास स्थित डटे रहे और पूरे दिन तनाव के हालात रहे, क्योंकि होटल एक जाटव समाज के लोगों का है जिसके चलते वहां आए दिन दबंगई और रंगदारी जैसे मामले सामने आए हैं। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के बाद इसकी जांच सीओ सरधना को सौंपी गई है फिलहाल होटल बंद कर दिया गया है और तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है मामले की जांच की जा रही है।

# जमीयत उलेमा तहसील सरधना का एलानी पैगाम तालीम-एकता और संविधान ही कौम की ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** जमीयत उलेमा तहसील सरधना की जानिब से मदरसा फैजुल कुरआन में एक अहम, मकसद परक और सियासी सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तालीमी बेदारी पैदा करना, कौमी एकजुटता को मजबूत करना और समाज व मुल्क की निस्वार्थ खिदमत करने वालों को खुले मंच से पहचान देना रहा। इस अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा और सामाजिक हितों के लिए लगातार काम करने वाले खदिमतगारों को जमीयत की ओर से कौमी खदिमत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सकील नायब सदर, जिला मेरठ ने अपने बेबाक और असरदार बयान में कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल तालीम और इंसाफ का है। जब तक समाज शिक्षित, संगठित और अपने हक के लिए जागरूक नहीं होगा, तब तक न बराबरी मिलेगी और न तरक्की। जमीयत उलेमा ने हमेशा संविधान के दायरे में रहकर मुल्क की एकता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की हिफाजत की है और आगे भी किसी कीमत पर इससे पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा हालात में तालीमी इदारों को मजबूत करना, नौजवानों को आगे लाना समाज में फैल रही नफरत को मजबूती से आवाज उठाना वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम में तहसील सदर हाफिज सुजाउद्दीन ने अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि जमीयत उलेमा केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करें।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड चेयरमैन से मिला प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष मेरठ विष्णु दत्त पाराशर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमैन सुनील सिंधी से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सिंधी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के कार्यालय प्रभारी व भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील पाण्डेय, जिन्हें दिसंबर 2025 में राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है का भी सम्मान किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बड़ी कंपनियां छोटे व्यापारियों से अंग्रेजी में एग्रीमेंट कराकर उन्हें गुमराह करती हैं। मांग की गई कि एग्रीमेंट हिंदी में हों, उसकी प्रति व्यापारी को मिले, नए डिस्ट्रीब्यूटर बनाने से पहले सहमति ली जाए।

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुण्डिया रसूलपुर विकास खण्ड स्वार जनपद रामपुर में यूकोलिप्टिस के 44 पेड़ों की खुली नीलामी दिनांक 12/01/2026 दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन ग्राम पंचायत मुण्डिया रसूलपुर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति खुली बोली हेतु नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**( श्रीमती शहाना )** — **ग्राम प्रधान**
**( श्री विवेक चौधरी )** — **सचिव**

**ग्राम पंचायत मुण्डिया रसूलपुर विकास खण्ड स्वार जनपद रामपुर।**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटीं

**वुहान, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं। झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है। हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है। झेंग ने इस वापसी को अविश्वसनीय रूप से कठिन बताया।

### तिलक की हुई सर्जरी न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने पर संशय

**नई दिल्ली, वार्ता।** मंगलवार को राजकोट में बंगाल के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के बाद दर्द की शिकायत के बाद भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के पेट के निचले हिस्से में सर्जरी की गई है। तिलक को तत्काल ही स्कैन कराने की सलाह दी गई जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। अब आने वाले कुछ दिनों में उनके बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। इससे उबरने में और उनकी वापसी की समय का अनुमान उनकी दोबारा जांच के बाद ही लगाया जा सकेगा। तिलक को हुई इंजरी के समय को देखते हुए 21 जनवरी से शुरू हो रही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20आई सीरीज में उनके न खेल पाने की संभावना प्रबल है। तिलक भारत के टी-20 विश्व कप दल का भी हिस्सा हैं।

# हम श्रीलंका में विश्व का खेलना चाहते हैं: बांग्लादेश



## बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने बीसीबी की मांग को दोहराया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मांग को दोहराया है। उन्होंने कहा कि बीसीबी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की गंभीरता के बारे में आईसीसी को समझाने का प्रयास करेगा और उन्होंने साथ ही इस मामले को बांग्लादेश की गरिमा से संबंधित भी बताया। नजरुल ने मंगलवार को आईसीसी और बीसीबी की चर्चा के बाद आईसीसी द्वारा प्राप्त हुए संदेश पर बात करते हुए कहा कि आज आईसीसी का पत्र पढ़ने के बाद हमें यह समझ आया कि आईसीसी को भारत में बांग्लादेशी क्रिकेटरों की सुरक्षा संबंधी समस्या की गंभीरता का पूर्ण रूप से एहसास नहीं है।

मेरा मानना है कि यह सिर्फ सुरक्षा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय अपमान का भी मामला है। बीसीसीआई खुद कोलकाता (नाइट राइडर्स) की टीम से कह रहा है कि इस खिलाड़ी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती इसलिए उसे बाहर कर दें। यह अपने आप में इस बात की मौन स्वीकृति है कि भारत में खेलना बहुत सुरक्षित नहीं है।

बांग्लादेश के फिलहाल अपने पहले तीन ग्रुप मुकाबले कोलकाता जबकि अंतिम मुक. ाबला मुंबई में खेलना है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच बिना कोई स्पष्ट कारण बताए बीसीसीआई द्वारा केकेआर को मुस्तफ़िजुर रहमान को रिलीज करने का निर्देश दिए जाने के बाद वेन्यू को लेकर समस्या खड़ी हो गई। मुस्तफिजुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी और बीसीबी ने भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने को लेकर आईसीसी को पत्र भी लिखा। इस मुद्दे पर मंगलवार को बीसीबी की आईसीसी के साथ बातचीत हुई और बुधवार सुबह बीसीबी ने बयान जारी करते हुए आईसीसी द्वारा मिली किसी भी चेतावनी का खण्डन किया। इसके साथ ही बीसीबी ने कहा कि वह इस मामले पर आईसीसी के साथ व्यवहारिक समाधान तलाशने का प्रयास करेगा। हालांकि बुधवार को ही नजरुल ने बांग्लादेश के भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने की इच्छा को दोहराया। नजरुल ने कहा कि हम भारत में सांप्रदायिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन जब बात हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा, बांग्लादेश की सुरक्षा और गरिमा की बात आती है तो हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम क्रिकेट खेलना चाहते हैं, हम विश्व कप खेलना चाहते हैं लेकिन हम श्रीलंका में खेलना चाहते हैं जो कि अन्य मेजबान देश है। हम अपने इस रुख पर कायम हैं क्योंकि हमें उम्मीद है कि हम आईसीसी को समझाने के प्रयास में सफल होंगे और आईसीसी हमारे तर्क को निष्पक्ष रूप से स्वीकार करेगा और हमें विश्व कप में खेलने का मौका देगा। आगे जो भी होता है हम उसके अनुसार रुख अख्तियार करेंगे। अभी के लिए हमारे रुख यही है कि हम आईसीसी को यह समझाएंगे कि भारत में हमारे खेलने के लिए हालात सही नहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजरुल के साथ मौजूद बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिताएं केवल टीम तक ही सीमित नहीं हैं और बोर्ड विश्व कप के संबंध में सरकार की सलाह का पालन करेगा। हम आईसीसी को समझाने का प्रयास करेंगे, सुरक्षा से संबंधी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। आपको पता है कि हाइब्रिड वर्ल्ड कप आयोजित किए जाने का मुख्य कारण सुरक्षा है।

# दानिल मेदवेदेव, कोर्डा मिशेलसेन क्वार्टरफाइनल में

**● मेदवेदेन ने 61 मिनट में 6-3 6-2, से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में फांसिस टियाफो के खिलाफ अपना शानदार लेक्सस एटीपी हेड2हेड रिकॉर्ड बनाए रखा और अपने 90वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे।

मेदवेदेव को बुधवार को हुए इस मुकाबले में कोई ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 61 मिनट में 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं, अब इस जोड़ी की हेड2हेड श्रृंखला में टियाफो से 6-1 से आगे हैं, उनकी सभी सात भिड़ंत हार्ड कोर्ट पर हुई हैं। मेदवेदेव की ब्रिस्बेन में अच्छी यादें हैं, क्योंकि वह 2019 में अपने एकमात्र पिछले मुकाबले में फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 13 खिलाड़ी ने 2026 के अपने पहले दो मैचों में अभी तक एक भी सेट नहीं हारा है और वह कामिल माजच्रजाक के खिलाफ भी इसी फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे। पोलिश खिलाड़ी ने रेली ओपेल्का को 6-7(2), 7-6(7), 7-6(8) से हराया, और तीन मैच प्वाइंट बचाए। दो अच्छे दोस्तों के बीच मुकाबले में, अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन ने अपने हमवतन लर्नर टिएन को 6-4, 6-2 से हराया। 21 साल के एलेक्स ने अपनी किशोरावस्था में टिएन के साथ ट्रेनिग की थी और जेद्दा में 13 महीने पहले अपनी पहली मुलाकात के बाद से नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स खेला।

# वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी, निकहत व हितेश आसानी से सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के टॉप बॉक्सर, जिनमें वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन, वर्ल्ड बॉक्सिग कप गोल्ड मेडलिस्ट हितेश गुलिया और अन्य शामिल हैं, गुरुवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आसान जीत के साथ एलीट पुरुष और महिला नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। यह पहली बार है कि पुरुष और महिला नेशनल चैंपियनशिप एक ही जगह पर एक साथ हो रही हैं और देश भर से 600 बॉक्सर पुरुष और महिलाओं के लिए 10-10 वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहे हैं। ऑल इंडिया पुलिस की मीनाक्षी (महिलाओं का 45-48 किग्रा) ने पंजाब की कशिश मेहता को 5:0 से हराया, जबकि निकहत (48-51किग्रा) ने मणिपुर की लांचेनबी चानू टोंगब्रम को इसी अंतर से हराया। पुरुषों के 65-70किग्रा क्वार्टर फाइनल में, हितेश ने पंजाब के तेजस्वी को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट पवन बर्तवाल (पुरुषों का 50-55किग्रा), जादुमणि सिंह (50-55किग्रा) और सचिन (55-60किग्रा) सभी ने अपने मुकाबलों में सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पवन ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को हराया, जादुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को हराया। महिलाओं के 51-54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को 5-0 से हराया, जबकि साक्षी ने आरएसपीबी की पूनम को 4-1 से हराया।

# सिंधु, चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में



**● पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए**

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को गुरूवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भी युगल वर्ग क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिधु ने पहला गेम 21-8 से जीता और दूसरे गेम में भी यही लय बनाए रखते हुए मैच 21-13 से अपने नाम किया। यह दुनिया की नंबर 18 पीवी सिधु की टोमोका मियाजाकी के खिलाफ तीन मैचों में दूसरी जीत थी। क्वार्टर फाइनल में सिधु का मुक. ाबला चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। बैडमिटन रैंकिग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन 53 मिनट में हांगकांग के दुनिया के18 नंबर खिलाड़ी ली चेउक यिउ से 22-20, 21-15 से हार गए। 24 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की, ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाए रखी और पहले गेम में उनके पास चार गेम पॉइंट भी थे। हालांकि ली चेउक यिउ ने लगातार छह पॉइंट हासिल किए, जिससे लक्ष्य सेन टाई-ब्रेक में पहला गेम हार गए। दूसरे गेम में, लक्ष्य सेन ब्रेक तक 11-8 से आगे थे, लेकिन बाकी मैच में सिर्फ चार और अंक जोड़ पाए, क्योंकि ली चेउक यिउ ने मैच पर नियंत्रण कर लिया और अगले राउंड में पहुंच गए। यह ली चेउक यिउ के खिलाफ पांच मैचों में लक्ष्य सेन की तीसरी हार है। आयुष शेट्टी भी अपना प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की पुरुष एकल चुनौती समाप्त हो गई। चीन के टॉप सीड और विश्व चैंपियन शी युकी के खिलाफ, आयुष शेट्टी एक घंटे और 12 मिनट में 21-18, 18-21, 21-12 से हार गए। इस बीच, भारत की शीर्ष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और याप रॉय किग के खिलाफ खेलते हुए चिराग शेट्टी और सात्विक ने यह मैच 21-18, 21-11 से जीत लिया।

# वहेंगबाम सुधीर ने जीता स्वर्ण पदक



**● 19 वर्षीय सुधीर ने गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक दिलाया**

**दीव, वार्ता।** मणिपुर के वहेंगबाम सुधीर मीतेई ने केआईबीजी 2026 की पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 19 वर्षीय सुधीर ने न केवल चुनौतियों पर काबू पाया, बल्कि प्रेमचंद्र एन्गाखोम के साथ मिलकर गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक भी दिलाया। मुकाबले के बाद सुधीर ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया बीच गेम्स था और आने से पहले मैंने अपने माता-पिता से वादा किया था कि मैं स्वर्ण पदक लेकर लौटूंगा। फाइनल के दौरान कुछ पल ऐसे थे जब घबराहट हुई, क्योंकि माता-पिता से हुई सारी बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं गोल्ड जीत सका। सुधीर के मुताबिक, दीव का अनुभव उनके करियर की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा था। वह कहते हैं कि हम आमतौर पर रेत पर प्रदर्शन करने के आदी नहीं हैं, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन यह एक नया अनुभव था और मैंने हर पल का आनंद लिया। मैंने हमेशा खेलो इंडिया मंच के बारे में सुना था, लेकिन इसे खुद अनुभव करना बेहद खास रहा। और स्वर्ण पदक के साथ लौटना इसे और भी यादगार बना देता है। इंफाल की प्रसिद्ध नवांग स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षित खिलाड़ी सुधीर उसी संस्थान से निकले हैं, जिसने भारत को गंडा इवेंट में बिशन और जॉनसन के रूप में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता दिए हैं। 2018 में सीनियर खिलाड़ियों से प्रेरित होकर सुधीर ने पेंचक सिलाट शुरू किया और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने जूनियर नेशनल्स में 45-50 किग्रा टांडिग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

# ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-1 से जीती



## एलेक्स कैरी ने विजयी बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली, जिससे गर्मियों में उनका दबदबा दिखा। आखिरी दिन 160 रन के टारगेट का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए, जिसमें एलेक्स कैरी ने विजई बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली।

इससे पहले, जैकब बेथेल के शानदार 154 रन के बावजूद इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 342 रन पर आउट हो गया, जिन्हें उनकी मैराथन पारी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला। मिचेल स्टार्क ने एक बार फिर अहम झटका दिया, सीरीज को 31 विकेट के साथ खत्म किया, जब इंग्लैंड के आखिरी खिलाड़ी जोश टंग को मार्नस लाब. ुशेन ने वाइड मिड-ऑफ पर कैच कराया। उस्मान ख्वाजा (6), स्टीव स्मिथ (12) और लाबुशेन (37) के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य कुछ देर के लिए डगमगा गया, लेकिन कैमरन ग्रीन (नाबाद 22) के शानदार स्ट्रोकप्ले और कैरी (नाबाद16) के धैर्य ने पक्का किया कि देर से कोई अलार्म नहीं बजा।

हेड को टेस्ट में उनके असर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि स्टार्क को गेंद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज का फैसला असल में बहुत पहले ही हो गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर 11 दिनों के अंदर एशेज अपने पास रखी थी। पर्थ में शुरुआती टेस्ट में, जो एक तीखी पिच पर खेला गया था, इंग्लैंड पहले दिन 172 रन पर आउट हो गया, जब स्टार्क ने सात विकेट लेकर मेहमान टीम को ढेर कर दिया। पहली इनिग में बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरी इनिग में उनकी आक्रामक बैटिंग का तरीका उल्टा पड़ गया। ख्वाजा के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करनी पड़ी, इस कदम ने सीरीज को बदल दिया। हेड ने 69 गेंदों में सेंचुरी बनाई और ऑस्ट्रेलिया दो दिन के अंदर 1-0 से आगे हो गया।

ब्रस्बेन में दूसरे टेस्ट में स्टार्क ने पिक बॉल से अपना प्यार जारी रखा, पहले दिन छह विकेट लिए। जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, लेकिन इंग्लैंड की फील्डिग ने उन्हें निराश किया क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े और ऑस्ट्रेलिया को 177 रन की अहम बढ़त बनाने दी। विल जैक्स और बेन स्टोक्स के ज्यादा कंजर्वेटिव अप्रोच से इंग्लैंड ने हार थोड़ी देर टाल दी, लेकिन जोफ्रा आर्चर और स्मिथ के बीच जबरदस्त मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा और मेजबान टीम 2-0 से आगे हो गई। एडिलेड में तीसरे टेस्ट में, पैट कमिस कप्तान के तौर पर लौटे जबकि स्मिथ नहीं खेल पाए, जिससे ख्वाजा को वापस बुलाया गया।

# विजय हजारे ट्रॉफी: पंजाब ने मुंबई को 1 रन से हराया

**● गुरनूर बराबर-मयंक मार्कंडेय की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने मुंबई को हराया**

**जयपुर, वार्ता।** गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय (चार-चार) विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में मुम्बई पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की पूरी टीम मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 45.1 ओवर में 216 के स्कोर पर सिमट गई। पंजाब के लिए रमनदीप सिंह ने सर्वाधिक 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। अनमोलप्रीत सिंह ने छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 57 रन बनाए। नमन धीर (22), सुखदीप सिंह बाजवा (17), हरप्रीत बराड़ (15) और प्रभसिमरन सिंह (11) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अभिषेक शर्मा (आठ) सहित पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचे सके। मुम्बई के लिए मुशीर खान ने तीन विकेट लिए। ओंकार तरमाले, शशांक अतारडे और शिवम दुबे को दो-दो विकेट मिले। साईराज पाटिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई के लिए अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को गुरनूर बरार ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी ने (23) और मुशीर खान ने 21 रन बनाए। सरफराज खान एक बार फिर आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 20 गेंदों में पांच छक्के और सात चौके लगाते हुए 62 रन ठोक डाले। 15वें ओवर में उन्हें मयंक मार्कंडेय ने पगबाधा आउट किया। सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे का बल्ला भी नहीं चला। सूर्यकुमार यादव (15) और शिवम दुबे 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक समय मुम्बई ने 22-3 ओवरों में छह विकेट पर 210 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए सात रनों की दरकार थी। 25वें ओवर में हरनूर सिंह ने हार्दिक तामोरे (15) को आउटकर मुम्बई की मुश्किल को बढ़ा दिया। अगले ही ओवर में हरप्रीत ने साईराज पाटिल (एक) को बोल्डकर मुम्बई को आठवां झटका दिया। 27वां ओवर करने आए मयंक मार्कंडेय ने शशांक और ओंकार को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजा।


## दिल्ली ने हरियाणा को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, वार्ता।** इशांत शर्मा, नवदीप सैनी और प्रिंस यादव (तीन-तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नीतीश राणा (नाबाद 57) और वैभव कांडपाल (नाबाद 28) की पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हरियाणा को 219 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इशांत शर्मा को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। यहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा के बल्लेबाज इशांत शर्मा की अगुवाई में दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 25.4 ओवर में महज 105 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।

## सरफराज खान ने लिस्ट 'ए' क्रिकेट में जड़ा सबसे तेज अर्द्धशतक

**जयपुर, वार्ता।** सरफराज खान ने विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया। जयपुर के जयपुरिया विद्यालय मैदान पर 217 के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी ने 8-2 ओवर में 57 रनों की साझेदारी करते हुए मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। अपने भाई के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज ने आते ही स्पिनरों पर धावा बोल दिया।उन्होंने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा के एक ओवर में तीन छक्के और तीन चौके जड़े और इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के खिलाफ पांच गेंदों में 19 रन बटोर लिए। सरफराज ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और जब उन्हें मंयक मार्कंडे ने पगबाधा किया तब वह सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 20 गेंदों पर 62 रन बना चुके थे। इस उपलब्धि के साथ सरफराज खान ने महाराष्ट्र के अभिजीत काले और बड़ौदा के अतीत सेठ के संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा।

# 2027 एशेज सीरीज खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं स्टीव स्मिथ



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उम्रदराज खिलाड़ियों का समूह 2027 एशेज खेलने को लेकर उत्सुक है लेकिन वह खुद को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह उस सीरीज का हिस्सा हो पाएंगे या नहीं क्योंकि तब तक वह 38 के हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में सबसे उम्रदराज टीमों में से एक टीम के साथ जीत हासिल करते हुए एशेज पर 4-1 से कब्जा जमाया। टेस्ट इतिहास में अब तक सिर्फ सात बार कोई टीम 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ खेली है और ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में दो बार (पर्थ और सिडनी में) ऐसा किया। अन्य पांच बार ऐसा करने वाली टीम इंग्लैंड थी जो 1909 से 1926 के बीच 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी थी। इस सीरीज की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया में शामिल उम्रदराज खिलाड़ियों पर सवाल उठे थे लेकिन 35 वर्षीय मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जबकि 36 वर्षीय स्कॉट बोलैंड ने सभी पांच टेस्ट खेले और उन्होंने 24-95 की औसत से 20 विकेट हासिल किए। वहीं 35 वर्षीय माइकल नीसर ने भी अहम भूमिका निभाते हुए तीन टेस्ट में 19.93 की औसत से 15 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन स्मिथ से पूछा गया कि अन्य खिलाड़ी 2027 में इंग्लैंड में खेलने के लिए कितने उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा कि इंग्लैंड में दो ड्रॉ एशेज सीरीज खेलने के बाद यह एक ऐसी चीज (इंग्लैंड में एशेज जीतना) है जिसे वह हासिल करना चाहेंगे लेकिन फिलहाल वह अनिश्चित हैं।

स्मिथ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि हर कोई वहां जाकर खेलना चाहता है और एशेज जीतने के लिए अपना 100 फीसदी देना चाहता है। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैंने अपने करियर में नहीं किया है इसलिए मैं निश्चित तौर पर हासिल करना चाहता हूं। हालांकि मैं वहां खेलने जा पाऊंगा या नहीं यह एक अलग सवाल है। पिछले चार या पांच वर्षों से हमारे पास एक बेहतरीन दल है और मुझे विश्वास है कि हम आगे विकसित होते रहेंगे और बेहतर करते रहेंगे।

# कुत्तों पर सुनवाई

आवारा कुत्ते क्या वास्तव में इंसानों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह आवारा कुत्तों को लेकर सुनवाई हो रही है, उससे तो यही लगता है कि मामला वास्तव में गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। गुरुवार को जोकि लगातार सुनवाई का दूसरा दिन था, कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में अदालत के सामने दलीलें रखी गई। जोकि काफी मजेदार भी रही। ढाई घंटे तक चली बहस में जस्टिस नाथ का कहना था कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं, इसलिए काटते हैं। हालांकि जज की इस बात पर जो कुत्तों का फेवर करने वाले अधिवक्ता ने इन्कार किया। इस पर जस्टिस नाथ यह कहने से नहीं चूके कि अपना सिर मत हिलाइए, यह बात वह पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहे हैं।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने यह दलील दी कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं, उसमें किसी ने यह नहीं बताया कि नगरपालिका की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। उनके अनुसार देश में सिर्फ 5 शेल्टर हैं और इनमें प्रत्येक में मात्र 100 कुत्ते रह सकते हैं। ऐसे में इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। वहीं एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने भी मजाकिया अंदाज में कह डाला कि क्या इसके लिए बिल्लियां ले आएं। इस पूरे मामले पर सात महीनों से कोर्ट में छह बार सुनवाई हो चुकी है और पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, स्पोट्स कॉम्प्लैक्स और रेलवे स्टेशन से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। आदेश देते समय कोर्ट ने यह भी कहा था कि इन कुत्तों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ता की यह भी दलील थी कि कुत्तों को समझाना संभव नहीं है, लेकिन कुत्तों की देखभाल करने वाले मालिक को समझाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने हर डॉग लवर और एनजीओ की याचिका लगाने में जो एक तय राशि जमा करनी होती है, उसको हटाने की मांग की है। कोर्ट ने भी उसी लहजे में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। जज महोदय का यह कहना सही है कि कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है। उन्होंने आखिरी बार हुई 2009 में गिनती का हवाला भी दिया और कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही 5 लाख 60 हजार कुत्ते थे। जाहिर है, आज के संदर्भ में यह संख्या कई गुना बढ़ी हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि कुत्तों को लेकर आए दिन बड़ी दुखदायी खबरें सामने आती रहती हैं। कई मामलों में तो जान तक चली जाती है, जिसमें बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते हैं।

## एक भी वोट न कटने पाए



वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए, तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा, मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है, अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर- मकान तक पर संकट आ सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष,समाजवादी पार्टी**

# पक्षियों की जिंदगी और ध्वनि प्रदूषण

आज की तेजी से विकसित होती दुनिया में, शोर प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन गई है। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, और जनसंख्या वृद्धि के कारण शोर स्तर बढ़ता जा रहा है। इस शोर प्रदूषण का न केवल मनुष्यों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के जीवन को भी प्रभावित करता है। इस लेख में हम यह समझेंगे कि शोर प्रदूषण किस प्रकार पक्षियों के जीवन, उनके व्यवहार, और उनके प्रजनन पर प्रभाव डालता है।

**शोर प्रदूषण क्या है?**

शोर प्रदूषण उन सभी अवांछित ध्वनियों को संदर्भित करता है जो मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न होती हैं। यह ध्वनियां ट्रैफिक, औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण कार्य और सार्वजनिक कार्यक्रमों से उत्पन्न होती हैं। शोर प्रदूषण को मापने के लिए डेसीबल का प्रयोग किया जाता है। 85 dB से अधिक के स्तर को शोर प्रदूषण माना जाता है।

**पक्षियों की संवेदनशीलता**

पक्षी अपनी सुनने की क्षमता और संवेदी तंत्र के लिए जाने जाते हैं। उनका अधिकांश संचार स्वर और आवाज के माध्यम से होता है। पक्षियों की अनेक प्रजातियां आवाज को अपने शिकार, साथी, और दुश्मनों के पहचानने के लिए उपयोग करती हैं। इसलिए, शोर प्रदूषण पक्षियों की जीविका के लिए एक गंभीर खतरा है।

**शोर प्रदूषण के प्रभाव**

1. व्यवहार में परिवर्तन

शोर प्रदूषण पक्षियों के व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालता है। विभिन्न अध्ययन दर्शाते हैं कि जब पक्षियों को उच्च स्तर के शोर के संपर्क में लाया जाता है, तो उनके गाने की आवृत्ति और ध्वनि स्तर में बदलाव होता है। इससे उनकी संचार क्षमता प्रभावित होती है, और वे साथी को आकर्षित करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

2. प्रजनन पर प्रभाव

शोर प्रदूषण का प्रजनन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई प्रजातियों में यह देखा गया है कि शोर के कारण अंडों की संख्या में कमी, अंडों के फटने में देरी, और शिशुओं की मृत्यु दर में वृद्धि होती है। जब माता-पिता शोर से परेशान होते हैं, तो वे अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हो सकते हैं।

3. भोजन की उपलब्धता

शोर प्रदूषण से पक्षियों की भोजन खोजने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। जब शोर स्तर बढ़ता है, तो पक्षियों को अपने शिकार या भोजन को पहचानने में कठिनाई होती है। इससे उनकी ऊर्जा खर्च होती है, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

4. स्वास्थ्य पर प्रभाव

शोर प्रदूषण के कारण पक्षियों में तनाव स्तर बढ़ जाता है। यह तनाव विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि हृदय रोग, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, और सामान्य स्वास्थ्य में गिरावट। तनावग्रस्त पक्षियों का जीवन काल भी प्रभावित हो सकता है।

**अध्ययन और शोध**

विभिन्न शोधों ने शोर प्रदूषण के पक्षियों पर प्रभाव की पुष्टि की है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में यह पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाली चिड़ियों की प्रजातियों की प्रजनन दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम थी। इसके अलावा, कई शोधकर्ताओं ने पाया है कि शोर प्रदूषण से प्रभावित पक्षियों में मानसिक तनाव और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए हैं।

**समाधान और संरक्षण**

1. शोर स्तर को नियंत्रित करना

सरकार और स्थानीय प्राधिकरणों को शोर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने चाहिए। जैसे कि ट्रैफिक को नियंत्रित करना, निर्माण कार्यों के समय को सीमित करना, और औद्योगिक ध्वनियों को कम करना।

2. संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना

विशेष संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना से पक्षियों को सुरक्षित स्थान प्रदान किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में शोर प्रदूषण को कम किया जा सकता है, जिससे पक्षियों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में रहने का अवसर मिलेगा।

3. जन जागरूकता

लोगों को शोर प्रदूषण के प्रभावों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।

4. अनुसंधान और विकास

शोर प्रदूषण के प्रभावों को समझने के लिए और अनुसंधान की आवश्यकता है। यह शोध न केवल पक्षियों, बल्कि अन्य जीवों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

**निष्कर्ष**

शोर प्रदूषण केवल मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए भी एक गंभीर समस्या है। हमें इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने पर्यावरण को बचा सकें और पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास में रहने का अवसर प्रदान कर सकें। हमें समझना होगा कि प्रकृति का संरक्षण हमारे अपने भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

यदि हम इस समस्या के प्रति जागरूक रहें और इसे हल करने की दिशा में प्रयास करें, तो हम न केवल पक्षियों को बल्कि पूरी पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रख सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें।



### विलुप्त हो रहे पक्षियों की संख्या

हालांकि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई पक्षियों की प्रजातियां प्रभावित हो रही हैं, विशेष रूप से उनके संचार और प्रजनन पर प्रभाव डालने के कारण, कोई सटीक संख्या बताना मुश्किल है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि पिछले कुछ दशकों में कई पक्षी प्रजातियां शोर के कारण अपने आवासों से बाहर जा चुकी हैं।

**टॉड के पक्षी**

इन पक्षियों का प्रजनन स्थान शोरगुल वाले क्षेत्रों में होने के कारण प्रभावित हुआ है, जिससे उनकी संख्या में कमी आई है।

**संगीत पक्षी**

जो अपने सुंदर गीतों के लिए जाने जाते हैं, वे ध्वनि प्रदूषण के कारण अन्य पक्षियों के साथ संवाद नहीं कर पा रहे हैं।

**विलुप्त होती प्रजातियां**

शोधकर्ताओं का मानना है कि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कुछ प्रजातियां जैसे कि श्हेम्पस्टरश और इबिस तेजी से घट रही हैं।

# मनुष्य के विकास में दूध के सेवन का संबंध

**कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है।**

मनुष्यों द्वारा दूध के सेवन का इतिहास मुर्गी और अंडा की पहेली जैसा है। मनुष्य दूध का सेवन तब से करते आ रहे हैं जब उनमें इसे पचाने की व्यवस्था भी नहीं थी, लेकिन डीएनए में उपयुक्त परिवर्तन के लिए जरूरी था कि वे दूध का सेवन करें। तो सवाल है कि क्या दूध पीने की शुरुआत पहले हुई या दूध पचाने के लिए जरूरी उत्परिवर्तन? ताजा अध्ययनों के अनुसार आधुनिक केन्या और सूडान के लोग कम से कम 6000 वर्षों से दुग्ध उत्पादों का सेवन कर रहे हैं यानि वे दूध को पचाने वाले जीन के अस्तित्व में आने से भी पहले से दूध का सेवन करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि सभी मनुष्य बचपन में दूध पचाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगता है कि वयस्कों में यह क्षमता पिछले 6000 वर्षों में ही विक. सित हुई है।

कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुदाई में मिले सूडान और केन्या के 2000 से 6000 वर्ष पुराने 8 कंकालों के दांतों की कठोर परतों में दुग्ध-संबंधी प्रोटीन की उपस्थिति देखी, जिससे लगता है कि ये लोग लगभग 6000 वर्ष पहले से डेयरी उत्पादों का सेवन कर रहे थे। नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित यह अध्ययन अफ्रीका और विशेष रूप से विश्व की डेयरी खपत का प्राचीनतम प्रमाण है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि अफ्रीका में डेयरी उद्योग यूरोप के डेयरी उद्योग जितना या उससे भी अधिक पुराना है और तो और, 2020 में कुछ अफ्रीकी कंकालों के डीएनए के अध्ययन के अनुसार प्राचीन अफ्रीकी लोगों में उस समय दूध को पचाने वाले किसी जीन का विकास भी नहीं हुआ था। वे लोग लैक्टेस निरंतरता से पहले से ही दूध का सेवन करते आ रहे थे। कंकालों में मिला प्रोटीन दूध, पनीर या दही जैसे किण्वित उत्पादों से आया होगा। कई संस्कृतियों में किण्वन का उपयोग दूध का सेवन करने से पहले उसकी शर्करा को तोड़ने के लिए किया जाता रहा है ताकि लैक्टेस की अनुपस्थिति में भी दूध उत्पादों का सेवन कर सकें। अंततः वह उत्परिवर्तन हुआ होगा, जिसने लोगों को दूध से अधिक से अधिक पोषण प्राप्त करने में मदद की।




वाशिंगटन यूनिवर्सिटी की पुरातत्वविद फियोना मार्शल के अनुसार, जिन अफ्रीकी लोगों में लैक्टेस की निरंतरता अधिक थी वे लोग अधिक समय तक जीवित रहते थे और उनके बच्चे भी ज्यादा होते थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि लैक्टेस निरंतरता के चयन का कारण पर्यावरणीय भी हो सकता है। गौरतलब है कि दूध मुश्किल परिस्थितियों में आबादी का प्रबंधन करने का एक बढ़िया तरीका है जिसमें चरवाहे जानवरों की हत्या किए बिना ही उनसे पोषण प्राप्त कर सकते थे। सूखे के समय में भी ये चौपाए उनके लिए पानी के फिल्टर और भंडारण का काम किया करते थे। जब तक ये जीव जिंदा रहते थे, तरल, प्रोटीन और पोषण का स्रोत हुआ करते थे।

**...स्रोत फीचर्स**

# सबकुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।



**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच सड़क किनारे आग के पास खुद को गर्म करती महिलाएं।

## मादुरो, सिलिया को गिरफ्तारी के दौरान में चोट लगीः वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनकी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी थी। कैबेलो ने बुधवार को कहा कि श्रीमती सिल्विया को सिर में चोट लगी और शरीर पर मुक्के मारे गए, जबकि मादुरो के पैर में चोट लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना की सिलिया फ्लोरेस को ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब वे मादुरो को ले जा रहे थे, तो उनका पत्नी सिलिया को ले जाने का कोई इरादा नहीं था, मगर श्रीमती सिलिया ने उनसे कहा कि अगर तुम मेरे पति को ले जाओगे, तो तुम्हें मुझे भी ले जाना होगा।

# ट्रम्प का कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अमेरिका आने का न्यौता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कोलंबिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बात करने के कुछ ही दिनों बाद, बुधवार को दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर बात हुई। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में बताया कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने नशीली दवाओं की तस्करी और दोनों देशों के बीच जारी अन्य विवादों पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन किया था।

इस बातचीत के बाद ट्रम्प ने घोषणा की है कि पेट्रो के साथ राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में वार्ता की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के कार्यभार संभालने और वेनेजुएला में हालिया सैन्य अभियान के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहला सीधा संवाद है। ट्रम्प ने लिखा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के साथ बात करना सम्मान की बात थी। उन्होंने नशीली दवाओं की स्थिति और हमारे बीच रहे मतभेदों को समझाने के लिए फोन किया था। मैं उनके कॉल और बात करने के लहजे की सराहना करता हूं और निकट भविष्य में उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो और कोलंबिया के विदेश मंत्री के बीच बैठक की तैयारियां की जा रही हैं। यह बैठक व्हाइट हाउस में होगी, हालांकि अभी इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। पेट्रो ने भी इस बातचीत की पुष्टि करते हुए इसे 'सौहार्दपूर्ण' बताया और कहा कि उन्होंने दोनों सरकारों के बीच सीधे संवाद की बहाली का अनुरोध किया है। पेट्रो ने राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह बातचीत एक घंटे से अधिक समय तक चली।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद से अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रम्प ने बार-बार कोलंबिया पर अमेरिका में कोक. ेन की तस्करी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलंबिया ने इन आरोपों को झूठा बताया और स्पष्ट किया है कि वह संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों के बीच बल प्रयोग या धमकी की बात अस्वीकार्य है।

## वेनेजुएला तेल बिक्री की आय से केवल अमेरिकी उत्पाद खरीदेगाः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि वेनेजुएला अपनी तेल बिक्री से होने वाली आय का उपयोग केवल अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि नए तेल समझौते से प्राप्त धन से वेनेजुएला केवल अमेरिका निर्मित उत्पाद ही खरीदेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस खरीद में कृषि उत्पाद, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और ऊर्जा आपूर्ति वाले उपकरण शामिल होंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह कदम वेनेजुएला के मुख्य आर्थिक भागीदार के रूप में अमेरिका की स्थिति को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे एक बुद्धिमानी भरा विकल्प और वेनेजुएला तथा अमे. रिका, दोनों के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात बताया। यह घोषणा ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला तीन से पांच करोड़ बैरल तेल अमेरिका को देगा जिसकी बिक्री से मिला पैसे का प्रबंधन अमेरिकी निंगरानी में होगा। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल निर्यात की निंगरानी करेगा और मौजूदा प्रतिबंधित आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य के उत्पादन को अमेरिकी रिफाइनरियों और अन्य बाजारों में बेचेगा। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के तहत लगभग दो अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल अमेरिका भेजा जा सकता है।

# भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका!

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी।

यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है। रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों से जुड़े बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों के सांसदों का समर्थन मिला है। इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है।

इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी। रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपाटिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग चुका है। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए ट्रेड डील पर बातचीत भी चल रही है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। लिंडसे ग्राहम ने 5 जनवरी को कहा था कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्र के घर गए थे। उस मुलाक. ात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवम्बर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो दिसम्बर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रतिदिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है।



- यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था, इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है
- इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं

## ट्रम्प ने अमेरिका को 66 वैश्विक निकायों से अलग किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए देश को 66 वैश्विक संगठनों से अलग करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़े निकायों सहित इन 66 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और आयोगों से अब अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है। आदेश के अनुसार, ए समूह अब अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की सेवा नहीं करते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन संगठनों की पहचान बेकार, अप्रभावी और हानिकारक संस्थाओं के रूप में की है। अमेरिकी प्रशासन की ऐसी समीक्षा का कार्य अभी जारी है, जिससे भविष्य में ऐसे संगठनों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान आदेश में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े उन निकायों को निशाना बनाया गया है जो जलवायु, श्रम और इनसे संबंधित मुद्दों पर केंद्रित हैं। अधिकारियों के अनुसार, 'कार्यकारी आदेश 14199' के तहत की गई सरकार-व्यापी समीक्षा में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र से संबंधित ऐसी संस्थाएं पाई गईं जो अमेरिकी मानकों पर खरी नहीं उतरीं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सात जनवरी को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि इनमें से कई संगठनों को अनावश्यक, कुप्रबंधित या विशेष हितों द्वारा नियंत्रित पाया गया है, जो अमेरिकी प्राथमिकताओं के विपरीत काम कर रहे हैं।

# अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता स्थगित करते हुए आरोप लगाया है कि अधिका. रियों ने खाद्य सहायता से भरा विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफ़पी) का एक गोदाम नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि सोमाली अधिकारियों ने दानदाताओं द्वारा वित्त पोषित 76 टन खाद्य सहायता जब्त कर ली थी, जो जरूरतमंद सोमालियाई लोगों के लिए थी।

विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा, षविदेश विभाग ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी जारी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। ट्रम्प प्रशासन मानवीय सहायता की बर्बादी, चोरी और हेरफेर को बिलकुल सहन नहीं करेगा और उसने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की कोई भी बहाली सोमाली संघीय सरकार पर निर्भर होगी, जो अपने अस्वीकार्य कार्यों के लिए जवाब. देही लेगी और उचित सुधारात्मक कदम उठाएगी। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट में डब्ल्यूएफपी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि मोगादिशु बंदरगाह में एक खाद्य गोदाम को बंदरगाह अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि गोदाम में कुपोषित गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के इलाज के लिए विशेष पौष्टिक भोजन था। डब्ल्यूएफपी के प्रवक्ता ने कहा कि यह गोदाम हमारे आपातकालीन अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे समय में जब लगभग एक चौथाई आबादी (44 लाख लोग) सोमालिया में भूख के संकट स्तर या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी इस मुद्दे को हल करने के लिए अधिकारियों और भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से अमे. रिका में सोमाली समुदाय के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा है कि वे 'अमेरिका को नष्ट कर रहे हैं।' उन्होंने सोमा. लिया से एक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर पर भी हमला किया, जो एक बाल शरणार्थी के रूप में अमेरिका आई थीं।

## श्रीलंका में भारी बारिश का अनुमान मछुआरों को समुद्र से लौटने की सलाह

**कोलंबो।** श्रीलंका मौसम विभाग ने गुरुवार को समुद्र में मौजूद मछुआरों को तुरंत वापस लौटने या सुरक्षित ठिकानों पर शरण लेने का आग्रह किया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक 'गहरा दबाव' शुक्रवार को देश को प्रभावित कर सकता है जिससे भारी भारिश की चेतावनी दी गई है। विभाग ने मछुआरों को अगले आदेश तक समुद्र में न जाने की सलाह भी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले साल आए चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित हुए कई जिलों में 100 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयार रहने को कहा है। इस बीच, सिंचाई विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि देश में भारी बारिश होती है, तो नदियों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है।

## बीएनपी नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की ढाका में गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वॉलंटियर विग स्वेच्छासेबक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की बुधवार रात ढाका के कारवां बाजार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव सुफियान ब्यापारी मसूद को घायल कर दिया।

यह घटना देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिताओं के बीच हुई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने द डेली स्टार को बताया कि मुसब्बिर को पंथपथ के बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मसूद को बाद में इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (डीएमसीएच) ले जाया गया। पुलिस और पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुसब्बिर शाम को शहर के एक होटल में शरीयतपुर के कुछ लोगों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद मुसब्बिर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। हमलावर मौके से भाग गए। बीएनपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं समेत कुछ लोगों ने गोलीबारी के बाद सोनारगांव चौराहे के पास विरोध-प्रदर्शन किया।

## दिल के दौरे, स्ट्रोक के लिए मकड़ी के जहर से बनी दवा का परीक्षण शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने दुनिया की सबसे खतरनाक मकड़ियों में से एक के जहर से तैयार दवा का दिल के दौरे और स्ट्रोक मरीजों पर नैदानिक परीक्षण शुरू किया है। शोधकर्ताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के एक बयान के अनुसार, 'फेज 1 क्लीनिकल ट्रायल' के दौरान 'आईबी409' नामक दवा की सुरक्षा, सहनशीलता और इसकी सही खुराक का परीक्षण किया जाएगा। यह एक नई दवा है। इसे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी 'इन्फेंसा बायोसाइंस' ने ऑस्ट्रेलियाई 'फनल-वेब' मकड़ी के जहर में पाए जाने वाले अणु से विकसित किया है।

# बांग्लादेश को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाक

## दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की, चीन की मदद से बनाया था जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट



**ढाका।** पाकिस्तान बांग्लादेश को जेफ-17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है। पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है।

बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिंधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई। इसमें जेफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। जेफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर विकसित किया है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम माना जाता है और पाकिस्तान वायुसेना में पहले से सेवा में है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 'सुपर मुश्शक' ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है। इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लान्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है। बांग्लादेश की ओर से इस संभावित सौदे पर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े हैं। दिसम्बर के अंत में ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाक. ात की थी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार सुधार आया है। मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाक. ात कर चुके हैं।

नवम्बर 2024 में, 1971 के बाद पहली बार एक पाकिस्तानी कार्गो जहाज चटगांव बंदरगाह पहुंचा था। इसके अलावा अप्रैल 2025 में ढाका में 15 साल बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों ने मुलाकात की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी 27-28 अप्रैल को ढाका का दौरा किया था, जो 2012 के बाद पहली उच्च-स्तरीय यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर चर्चा की थी।

# ट्रम्प के इशारों पर चल रही वेनेजुएला की सरकार

## ट्रम्प ने कहाः यहां से तेल निकालकर दुनिया को बेचेंगे, अमेरिका कई साल राज करेगा

- ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी, अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और उसके विशाल तेल भंडार से सालों तक तेल निकालेगा। न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार जो भी जरूरी है, वह सब दे रही है।

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका कितने समय तक वेनेजुएला पर सीधा कंट्रोल रखेगा। क्या यह तीन महीने होगा? छह महीने? एक साल? या उससे भी अधिक? इसपर उन्होंने कहा कि 'यह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह काफी लंबा समय होगा, शायद सालों तक। ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। ट्रम्प ने कहा कि मैं आपको यह नहीं बता सकता। ट्रम्प ने कहा कि वह भविष्य में वेनेजुएला की यात्रा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा समय जल्द आएगा जब मेरा वहां जाना सुरक्षित हो जाएगा। ट्रम्प से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल की बिक्री को अनिश्चित काल तक अपने कंट्रोल में रखेगा। रिपब्लिकन सांसदों ने ज्यादातर इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी है कि बिना स्पष्ट कानूनी अधिकार के अमेरिका एक लंबे अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर बढ़ रहा है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता मानने के सवाल का जवाब नहीं दिया, जबकि विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो, जिनकी पार्टी ने 2024 के चुनाव में जीत हासिल की थी और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार जीता, को समर्थन नहीं देने का कारण भी नहीं बताया। ट्रम्प ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि उन्होंने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में मान्यता क्यों दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रोड्रिगेज से बात की है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो लगातार उनके संपर्क में हैं। मैं आपको बता दूं कि हम उनके और प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी नहीं बताया कि अमेरिका ने विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन क्यों नहीं किया, जबकि उनकी पार्टी ने 2024 में निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनावी जीत का दावा किया था और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार भी जीता। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का फोन भी उठाया। यह बातचीत करीब एक घंटे चली। इसके बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि पेट्रो ने कोलंबिया से निकलने वाले ड्रग्स की स्थिति पर सफाई दी है और उन्हें वाशिंगटन आने का न्योता दिया गया है। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प को कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के काल की जानकारी दी गई। ट्रम्प ने आपरेशन एब्सोल्यूट रिजाल्व की भी चर्चा की, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया।

